
सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911



सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



आवश्यकता है
मीडिया हाउस में काम करने के लिए ऑफिस बॉय की जरूरत है।
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 14 अंक - 324 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 6 सितंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास - खबर

### छत्तीसगढ़ के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मानसून ने फिर करवट ली है। बीते 24 घंटे के दौरान रायपुर समेत सूबे के कई जिलों में झमाझम बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने सूबे के कई हिस्सों में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि सूबे पर एक नया सिस्टम सक्रिय होने से विभिन्न हिस्सों में जोरदार बारिश के आसार बन रहे हैं। छत्तीसगढ़ में अगले दो दिन तक मौसम खराब रहेगा। कुछ हिस्सों में वज्रपात की चेतावनी भी जारी की गई है।

मौसम विभाग की ओर से जारी ऑल इंडिया वेदर बुलेटिन में कहा गया है कि उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी पर चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी पर एक लो प्रेशर एरिया बन गया है। अगले 24 घंटों के दौरान इसके दक्षिण छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ने के आसार हैं। ओडिशा और छत्तीसगढ़ से होते हुए एक ट्रफ रेखा दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश तक जा रही है। इससे मध्य भारत के इलाकों में बारिश के अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं।

मौसम विभाग का कहना है कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। कुछ जगहों पर वज्रपात और भारी बारिश के भी आसार हैं। वहीं स्थानीय मौसम कार्यालय के मुताबिक, दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जिलों में भारी से ज्यादा भारी बारिश हो सकती है। इसको लेकर इन जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं सूबे के नारायणपुर, कांकेर, धमतरी, कोंडागांव, गरियाबंद समेत कुछ अन्य जिलों में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है।

### विधानसभा चुनाव-2023: 87 विधानसभा से गुजरेगी यात्रा

# छत्तीसगढ़ में भाजपा निकालेगी परिवर्तन यात्रा,12 को अमित शाह करेंगे शुरूआत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मुख्य विपक्षी भाजपा ने राज्य में परिवर्तन यात्रा निकालने का फैसला किया है। यह यात्रा 87 विधानसभा क्षेत्रों में 2,989 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। यह यात्रा राज्य में 12 सितंबर और 16 सितंबर से दो अलग-अलग स्थानों दंतेवाड़ा (दक्षिण छत्तीसगढ़) और जशपुर (उत्तर छत्तीसगढ़) से शुरू की जाएगी।




भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अरुण साव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 12 सितंबर को दंतेवाड़ा में एक सार्वजनिक रैली के दौरान मां दंतेश्वरी का आशीर्वाद लेने के बाद पहली परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। उन्होंने बताया कि 16 दिवसीय यह यात्रा 21 जिलों में 1,728 किलोमीटर की दूरी तय करेगी।

साव ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 16 सितंबर को जशपुर में दूसरी परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि यह यात्रा राज्य के बिलासपुर और सरगुजा संभाग में 12 दिनों में 1,261 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। उन्होंने बताया कि दोनों यात्राओं के तहत 84 जनसभा, 85 स्वागत सभा और सात रोड शो होंगी। यह यात्रा 87 विधानसभा क्षेत्रों में 2,989 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद बिलासपुर में समाप्त होंगी।

यात्रा के समापन समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शामिल होने की उम्मीद है। यह पूछे जाने पर कि तीन विधानसभा क्षेत्रों को क्यों बाहर रखा गया है क्योंकि राज्य में कुल 90 विधानसभा सीटें हैं, साव ने कहा कि बीजापुर, सुकमा और अंतागढ़ निर्वाचन क्षेत्रों (तीनों माओवाद प्रभावित) को यात्रा में शामिल नहीं किया गया है, लेकिन जब यात्रा आसपास के निर्वाचन क्षेत्रों से गुजरेगी तो तीनों निर्वाचन क्षेत्रों के लोग इसमें शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि राज्य से 'कांग्रेस शासन को उखाड़ फेंकने के लिए निकाली जा रही यात्रा' के दौरान भाजपा भूपेश बघेल सरकार की विफलताओं को उठाएगी। यात्रा में केंद्र और राज्य के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के वरिष्ठ नेता दो-दो दिनों के लिए दोनों यात्राओं में शामिल होंगे।

छत्तीसगढ़ में रमन सिंह के नेतृत्व में 15 साल (2003-2018) तक सत्ता में रहने के बाद, भाजपा को 2018 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के हाथों भारी हार का सामना करना पड़ा था। पार्टी अब सत्ता में वापसी की कोशिश में है। भाजपा ने पिछले महीने उन 21 सीट के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी जहां वह 2018 में कांग्रेस से हार गई थी।

90 सदस्यीय छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा अभी नहीं की गई है। 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने कुल 90 सीट में से 68 सीट जीती थीं, जबकि भाजपा 15 सीट पर जीत के साथ दूसरे स्थान पर रही थी। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़-जोगी को पांच सीटें और उसकी सहयोगी बहुजन समाज पार्टी को दो सीट पर जीत मिली थीं। कांग्रेस के पास वर्तमान में 71 सीट हैं।

### शिवनाथ नदी में गिरी पिकअप, चार लोगों की मौत, एक लापता

## खाना खाकर लौट रहे थे सभी, मरने वालों में महिला-पुरुष और दो बच्चे



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्ग जिले में पुलगांव बाईपास स्थित शिवनाथ नदी के पुराने पुल से पिकअप वाहन के नदी में गिरने से चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक बच्ची लापता है। मंगलवार देर रात सभी ढाबा से खाना खाकर लौट रहे थे। तभी बैलेंस बिगड़ने से हादसा हो गया। एसडीआरएफ ने वाहन को नदी से बाहर निकाल लिया है।

चालक की पहचान बोरसी क्षेत्र के सकरौद गांव के रहने वाले ललित साहू (40) के रूप में हुई है। गाड़ी में एक महिला और दो बच्चों के शव भी मिले हैं वहीं एक बच्ची है जो अभी तक लापता है। ललित के पिता के मुताबिक उसकी पत्नी और दो बच्चे उसके घर पर हैं। पुलिस ने चारों शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### क्रेन से खींचकर निकाला गया वाहन

SDRF की टीम ने सुबह करीब 8 बजे ही पिकअप को खोज निकाला था। ट्रैक्टर के जरिए खींचने से बार-बार रस्सी टूट जा रही थी। इससे पिकअप फिर पानी में चली गई। घंटों मशक्कत के बाद क्रेन के जरिए वाहन को बाहर निकाला गया।

### दुर्ग विधायक अरुण वोरा भी मौके पर मौजूद

दुर्घटना की सूचना मिलते ही विधायक अरुण वोरा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने इस दुर्घटना के लिए पुलिस और प्रशासन को जिम्मेदार बताया है। उनके मुताबिक विधायक निधि से यहां पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए डेढ़ करोड़ के बजट की स्वीकृति दी गई। बावजूद इसके अब तक कैमरे नहीं लगाए गए।

## हड़ताल होगी खत्म! मंत्री अकबर करेंगे सीएम बघेल से बात, हजारों स्वास्थ्यकर्मी हुए थे बर्खास्त

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कबीरधाम।** बीते 21 अगस्त से चल रही स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल खत्म हो सकती है। मंगलवार को कबीरधाम जिले के स्वास्थ्य कर्मचारी नेताओं ने कवर्धा विधायक और मंत्री मोहम्मद अकबर से उनके रायपुर स्थित निवास में मुलाकात की है।

कबीरधाम जिला अध्यक्ष गोलू सोनवानी ने बताया कि सभी कर्मचारी अभी भी अपने 5 सूत्रीय मांगों को लेकर डटे हुए हैं। हमारी मांगों के संबंध में मंत्री अकबर से चर्चा की गई है। अब कर्मचारियों की ओर से मंत्री अकबर ही मध्यस्थता करेंगे।

मुलाकात के दौरान मंत्री अकबर ने स्वास्थ्य कर्मचारियों की मांगों लेकर सीएम भूपेश बघेल से चर्चा करने का आश्वासन दिया है। गौतरलब है कि कबीरधाम जिले से 161 समेत प्रदेशभर से हजारों स्वास्थ्यकर्मी को हड़ताल के कारण इसी माह सितंबर में बर्खास्त कर दिया गया था।

इन कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन रायपुर के ग्राम तुता स्थिति धरना स्थल में 21 अगस्त से चल रहा है। 5 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर के करीब 14 संगठन एक साथ हड़ताल पर है।

## चुनाव की तैयारी: नक्सल प्रभावित मतदान केंद्रों में सेना के हेलीकॉप्टर से भेजे जाएंगे मतदान कर्मी

श्रीकंचनपथ न्यूज




**कांकेर।** छत्तीसगढ़ में आगामी कुछ महीनों के भीतर विधानसभा के चुनाव होने हैं। चुनाव के मद्देनजर कांकेर जिले में प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर है। जिले के 8 ऐसे मतदान केंद्र हैं, जहां शांतिपूर्ण चुनाव करना चुनौती होगी। इन मतदानकर्मियों को जवानों की सुरक्षा में सेना के हेलीकॉप्टर से भेजा जाएगा।

कांकेर जिले में कुल तीन विधानसभा सीट हैं। जिनमें कांकेर, भानुप्रतापपुर और अंतागढ़ विधानसभा सीट शामिल हैं। जिला नक्सल प्रभावित होने के कारण शांति पूर्वक चुनाव करा पाना प्रशासन के लिए चुनौती बनी रहती है। इनमें भानुप्रतापपुर और अंतागढ़ के कुछ ऐसे मतदान केंद्र हैं जो नक्सल गतिविधियों सहित रास्ते, पहाड़, नदी-नाले होने के कारण मतदान दल को केंद्रों तक पहुंचना मुश्किल होता है।

कांकेर जिले में ऐसे कुल 8 मतदान केंद्र हैं। जिन्हें प्रशासन हेलीकॉप्टर से भेजने की तैयारी में है। मिली जानकारी के अनुसार चुनाव के दौरान दल को सेना के हेलीकॉप्टर MI-13 से भेजा जा सकता है। जिसके लिए कुछ दिन पूर्व लैंडिंग को लेकर अंतागढ़ विधानसभा में अभ्यास भी किया गया है।

# छत्तीसगढ़ में सियासी हथियार बना महादेव ऐप!

श्रीकंचनपथ न्यूज




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की सियासत में घपले-घोटालों के साथ सट्टा के बाजार का महादेव ऐप भी नई धार के साथ सियासी हथियार बन रहा है। राज्य सरकार जहां केंद्र पर राजनीतिक लाभ के आरोप लगा रही है तो भाजपा ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दरअसल, महादेव एक बेटिंग ऐप है, जिसकी शुरुआत कोरोना काल में छत्तीसगढ़ से हुई थी। धीरे-धीरे यह देश के दूसरे राज्यों में पहुंच गया।

यह ऐसा ऐप है, जिसमें संचालक पहले भाग लेने वाले को थोड़ी-थोड़ी राशि जिताता है और जब वह बड़ी रकम लगाता है तो उसकी हार तय होती है। इसकी वजह है कि पूरा कमांड संचालक के पास होता है। ऐप का संचालक सौरभ चंद्राकर है, जो दुबई पहुंच चुका है। मामला प्रवर्तन निदेशालय के पास है और उसने कई लोगों की गिरफ्तारी भी की है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कहना है कि ईडी की कार्रवाई सिर्फ छत्तीसगढ़ तक सीमित है क्योंकि उसके पीछे राजनीतिक मकसद है। महादेव ऐप देश के बहुत से राज्यों में फैला हुआ है। इस ऑनलाइन सट्टा को खिलाने वाले जरुर छत्तीसगढ़ से हैं, मगर उनका कोई ऑफिस यहां नहीं है।

### बढ़ा जांच का दायरा

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले रैकेट तक पहुंचने के लिए जांच का दायरा बढ़ा दिया है। इससे जुड़े हुए देशभर के विभिन्न राज्यों में सट्टा खिलाने वालों और इसके सरगना तक पहुंचने योजना बनाई गई है। बताया जाता है कि इस मामले की जांच के दौरान लगातार नए तथ्य सामने आ रहे हैं। सट्टा खिलानों वालों के मददगारों और उससे लाभांवित होने वालों की संख्या भी बढ़ रही है। वहीं दबाव बढने् पर वह दूसरे राज्यों के सुरक्षित ठिकानों में जाकर कारोबार चला रहे है। इन सभी के महादेव ऐप के साथ ही अन्ना रेड्डी और क्लासिक 99 डॉट कॉम से ऑनलाइन सट्टा खिलाने वालों से तार जुड़े हुए है। इसे देखते हुए ईडी द्वारा महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश और कर्नाटक के साथ ही अन्य राज्यों को जानकारियां भेजी गई है। साथ ही उनका लोकेशन ट्रेस करने के लिए मोबाइल नम्बर को सर्विलांस में डाला गया है। ताकि ऑनलाइन सट्टे पर रोक लगाने के साथ ही विदेशों में बैठे संचालकों तक पहुंचनी वाली रकम को रोका जा सके। बता दें कि महादेव ऐप के जरिए प्रतिमाह 300 करोड़ रुपए का कारोबार किया जा रहा है। इसे संरक्षण देने वालों और आईडी लेकर सट्टा खिलाने वालों को 100 करोड़ प्रतिमाह बांटने के बाद 200 करोड़ रु. संचालकों तक पहुंच रहे है।

### कांग्रेस ने बीजेपी पर लगाया आरोप

कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा शासित कोई भी राज्य बताएं, जिसने महादेव ऐप के खिलाफ कार्रवाई की हो। इसका हेड ऑफिस दूसरे प्रदेशों में है। उन्होंने बताया है कि 20 मार्च 2022 को पहली एफआईआर दुर्ग में दर्ज हुई थी। इसके बाद लगातार कार्रवाई हुई। राज्य पुलिस अब तक 72 मामले दर्ज कर चुकी है। इस मामले में 449 आरोपी गिरफ्तार हुए हैं। यह गिरफ्तारियां अलग-अलग स्थानों से हुई। 151 लैपटॉप, 885 मोबाइल जब्त किए गए हैं। इसके अलावा 41 लाख की नकदी, डेढ़ करोड़ की सामग्री और 16 करोड़ की राशि के एक हजार बैंक खाते सीज किए गए हैं। सीएम भूपेश बघेल का आरोप है कि यह षड्यंत्र दिल्ली से चल रहा है। उनकी नजर गिद्ध की तरह यहां की खदानों पर है, लेकिन राज्य की जनता इनके बहकावे में नहीं आने वाली। इधर, पूर्व मंत्री और वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि ईडी की कार्रवाई के बाद जितने बदहवास मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिख रहे हैं, उससे साफसमझ में आ रहा है कि इन तमाम घोटालों का पॉलिटिकल मास्टर कौन है। अग्रवाल ने राज्य सरकार और पुलिस पर सवाल उठाए हैं और पूछा है कि महादेव ऐप के संदिग्धों को बचाने की कोशिश क्यों की जा रही है? महादेव ऐप का दुर्ग-भिलाई से क्या संबंध है? महादेव ऐप पर कार्रवाई से सत्ता के लोग बौखला क्यों रहे हैं? कांग्रेस जहां-जहां है, वहां सट्टा क्यों है? गली-गली, गावं-गांव में पुलिस के संरक्षण और सरकार की देखरेख में सट्टेबाजी क्यों हो रही है?

### सीएम भूपेश ने साधा निशाना

भाजपा के आरोप पत्र को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जमकर निशाना साधा है। गत दिवस मुख्यमंत्री ने कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, शनिवार को बीजेपी ने आरोप पत्र जारी किया। स्थिति यह थी कि बाहर ईडी लगाई गई थी। भाजपा के नेताओं को जवाब देने का औचित्य नहीं है। मैंने सोचा था कि आरोप पत्र पढ़ लूंगा, फिर जवाब दूंगा। पर आरोप पत्र पर भाजपा के कार्यकर्ताओं को विश्वास नहीं है, तो जनता को विश्वास कैसे दिला पाएंगे। वहीं गृहमंत्री अमित शाह के भ्रष्टाचारियों को उल्टा टांग देंगे वाले बयान पर सीएम बघेल ने कहा, मतलब गुंडागर्दी करेंगे। ईडी, आईटी आपकी है चाहे उल्टा लटकाओ या सीधा लटकाओ। जेल भेजने से और ज्यादा क्या कर लेंगे। जब पैसे नहीं मिले तो पहले आईटी जांच करती है और फिर ईडी जांच करती है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों को मामला दे दो। मुख्यमंत्री ने कहा, महादेव सट्टा ऐप वालों पर कार्रवाई हमने की। पैसे भी जब्त किए, आप क्या कर रहे हैं? कौशल उन्नयन योजना के तहत सट्टा खिला रहे हैं, जीएसटी लगा रहे हैं। महादेव ऐप बंद कौन करेगा? राज्य सरकार करेगी या केंद्र सरकार। गृह मंत्री जवाब दें, बंद नहीं कर रहे हैं तो कारण क्या है।

## अब तक मुगालते में जीती रही कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज




आजादी के बाद से लेकर अब तक कांग्रेस को यही लगता रहा है कि देश में एक बड़ा तबका वंचितों का है। इनके पास पर्याप्त भोजन, आवास एवं शिक्षा-चिकित्सा की सुविधा नहीं है। वह गरीबों के लिए ही योजनाएं बनाती रह गई। काश! उसे पता होता कि देश की जनता का विकास के इस मॉडल पर कभी भरोसा नहीं रहा। वह रहता तो इंडिया में था पर पूजा पाठ जम्बूद्वीपे, भरतखंडे, आर्यावर्ते... के नाम पर ही करता था। किसे पता था कि शकुन्तला-दुष्यंत के पुत्र भरत का भारत के नाम से कोई लेना देना नहीं है। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार की इंडिया शाइनिंग तक भाजपा भी इसी मुगालते में थी। पर अब उसने वह गलती सुधार ली है। वह जानती है कि घाटे में रेल चलाने का कोई मतलब नहीं है। लोगों को इमरजेंसी होगी तो वे हवाई जहाज से चले जाएंगे। अपनी कार या टैक्सी से चले जाएंगे। हो भी यही रहा है - पिछले साढ़े चार साल में छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली 67 हजार यात्री ट्रेनें रद्द कर दी गईं। त्यौहारों के समय ट्रेनों का निरस्त होना तो एक फैशन की तरह हो गया है। लोग हफ्तों पहले रिजर्वेशन कराकर भी यात्रा करने से वंचित होते रहे पर किसी ने 'चूं' तक नहीं की। त्यौहारी सीजन में ट्रेनों की बानगी देखिए-दीपावली-2022 पर 24 यात्री ट्रेनें रद्द रहीं। शीतकालीन अवकाश के दौरान 36 ट्रेनों को कैंसिल किया गया। 15 अगस्त, 2022 को 62 ट्रेनें निरस्त रहीं जबकि रक्षाबंधन 2022 पर 58 और रक्षाबंधन 2023 पर 22 ट्रेनें एक-एक सप्ताह तक निरस्त रहीं। ट्रेनों के रद्द होने का यह सिलसिला 2020 में शुरू हुआ। 2020 में 32757, 2021 में 32151, 2022 में 2474, 2023 में अप्रैल तक 208 ट्रेनें रद्द रहीं। अगस्त 2023 में 24 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया। लोगों ने आने जाने का खर्चा बचा लिया। ई-राखी और ई-कार्ड से काम चला लिया। अब तो केक, मिठाई और बूके भी ऑनलाइन डिलीवर हो जाते हैं। फिर भाग-दौड़ की जरूरत ही क्या है। शादी ब्याह से लेकर मरनी-धरनी पर लोग बेकार में ही इधर से उधर भागते फिरते हैं। कच्चा-बच्चा धरकर शादी ब्याह में आ धमकने वालों को भारतवर्ष की यह पीढ़ी अब बर्दाश्त नहीं कर पाती। वह डेस्टिनेशन वेडिंग चाहती है। मजे की बात यह है कि ट्रेनों के निरस्त होने का यह सिलसिला केवल यात्री ट्रेनों को ही प्रभावित करता रहा। माल गाड़ियों का संचालन इससे अप्रभावित रहा। इस बीच लोगों को फ्लाइट की आदत पड़ गई। छत्तीसगढ़ के बच्चे बड़ी संख्या में स्तरीय उच्च शिक्षा के लिए हैदराबाद, पुणे, मुम्बई, बेंगलुरू, चेन्नई, नई दिल्ली, आदि शहरों को जाते हैं। उन्होंने एयरपोर्ट का रुख कर लिया। भिलाई के बच्चे हैदराबाद वाया मुम्बई और पुणे वाया दिल्ली यात्रा करने लगे। कांग्रेस देश के इस पोटेंशियल को भांप नहीं पाई। नहीं समझ सकी कि यह दौर बीमार शरीर को मेकअप से छिपा लेने का है।


हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के
बढ़ते कदम....



LED SCREEN
के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए
संपर्क करे
शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

अब राजधानी रायपुर सहित
पूरे प्रदेश में....

- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
- संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
- पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
- मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
- नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
- पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
- आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
- सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
- अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
- पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
- दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली

Harsh Media Advertisers



Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026

## संपादकीय

### 'इंडिया' पर बहस

जी-20 की बैठक में शिरकत करने भारत आ रहे मेहमानों के सम्मान में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रात्रिभोज का आयोजन किया है, जिसके निमंत्रण पत्र पर पहली बार अंग्रेजी में 'रिपब्लिक ऑफ इंडिया' की जगह 'रिपब्लिक ऑफ भारत' के इस्तेमाल को लेकर मुख्यधारा के मीडिया से सोशल मीडिया तक प्रतिक्रियाओं की बाढ़-सी आ गई है। यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि एक नागरिक के तौर पर देश के नाम से उसके बाशिंदों का भावनात्मक रिश्ता होता है। इसका अंदाजा इसी तथ्य से लग जाता है कि सरकार ने अभी औपचारिक रूप से ऐसा कोई प्रस्ताव पेश भी नहीं किया है, जो 'इंडिया' के इस्तेमाल को रोकता हो, मगर लोग दो खेमों में बंटते साफ दिख रहे हैं। दरअसल, राष्ट्रपति भवन से हुई इस पहल के बाद ऐसा संदेश गया है कि यही सरकार की ठोस मंशा है। आरएसएस प्रमुख ने हाल ही में इंडिया की जगह भारत के इस्तेमाल की पैरोकारी की थी। मगर सवाल उठता है कि ऐसे किसी विमर्श को खड़ा करने के लिए क्या यह मुनासिब वक्त है? देश में जी-20 के शासनाध्यक्ष आने को हैं। इस समय तो एक मानस के साथ हमें वसुधैव कुटुंबकम् की अपनी पहचान का उनसे लोहा मनवाना था? भारत का संविधान जब लिखा जा रहा था, तब इस बात पर गंभीर बहस हुई थी कि क्या देश का एक ही नाम हो, अंततः 'इंडिया दैट इज भारत' का इस्तेमाल करते हुए इस विमर्श का समाधान किया गया। आजाद भारत के मानस में आर्यावर्त, हिन्दुस्तान, भारत और इंडिया समान रूप से समादृत रहा है। स्वतंत्रता के बाद से साढ़े सात दशक का सफर तय कर चुका भारत न सिर्फ एक प्रौढ़-परिपक्व लोकतंत्र के रूप में, बल्कि तरक्की के दीगर मेयार पर आज दुनिया की पहली कतार में खड़ा है। इसे कभी उज्र नहीं हुआ कि इसे इंडिया नाम से पुकारा गया या भारत या हिन्दुस्तान। ऐसे में, जब आधिकारिक रूप से ऐसा कोई प्रस्ताव आएगा, तब पूछा ही जाएगा कि क्या इन नामों की वजह से कोई प्रशासनिक परेशानी खड़ी हो रही है? और अगर ऐसा है, तो क्या यह बेहतर नहीं होगा कि इसके बारे में अंतिम निर्णय व्यापक जन-सहमति से हो? हमारा देश, समाज और इसकी रवायतें अपनी समूची खूबसूरती ही विविधताओं से बटोरती हैं। आज हम कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी कर रहे हैं, तो याद कीजिए भगवान के कितने नाम हैं? दरअसल, हमारे देश की पूरी राजनीति प्रतीकों की जंग में तब्दील होती जा रही है। कोई सियासी जमात अपना नाम ऐसा रख लेता है, जिसका संक्षिप्त 'इंडिया' हो जाए और लोग उसके आकर्षण में महंगाई, बेरोजगारी, खेती-किसानी से जुड़े कार्यक्रमों के बारे में उससे सवाल पूछना भूल जाएं, तो उसके विरोधी संगठन के लोग इसका राजनीतिक तोड़ ढूंढ़ने के बजाय नाम ही बदल देने पर आमादा दिखते हैं। मगर दोनों ध्रुवों पर खड़ी सियासी पार्टियां यह भूल रही हैं कि भारतीय मतदाता अब बेहद परिपक्व हो चला है और वह उनकी मंशा को बखूबी समझता है। इसलिए वे इस भ्रमजाल से जितनी जल्दी बाहर निकल आएं, उतना ही उनके लिए फायदेमंद होगा। मणिपुर, सरहदों की सुरक्षा से लेकर गरीबी और बेरोजगारी जैसे कितने ही गंभीर सवाल सामने हैं, उन्हें सुलझाने के लिए देश को गंभीर समावेशी राजनीति की जरूरत है। दुर्योग से देश में सर्वानुमति बनाने की राजनीति क्षीण पड़ चुकी है और यह भारत जैसे विशाल व विविधताओं से भरे लोकतंत्र के लिए उचित नहीं। इसे सभी पक्षों को समझना होगा।

> " आज हम कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी कर रहे हैं, तो याद कीजिए भगवान के कितने नाम हैं? दरअसल, हमारे देश की पूरी राजनीति प्रतीकों की जंग में तब्दील होती जा रही है। कोई सियासी जमात अपना नाम ऐसा रख लेता है, जिसका संक्षिप्त 'इंडिया' हो जाए और लोग उसके आकर्षण में महंगाई, बेरोजगारी, खेती-किसानी से जुड़े कार्यक्रमों के बारे में उससे सवाल पूछना भूल जाएं, तो उसके विरोधी संगठन के लोग इसका राजनीतिक तोड़ ढूंढ़ने के बजाय नाम ही बदल देने पर आमादा दिखते हैं।

## एक साथ चुनाव की मुश्किलें

देश के सारे चुनाव एक साथ कराने का विचार अच्छा है और बहुत पुराना भी है। लेकिन सिर्फ विचार अच्छा होने से जरूरी नहीं है कि वह व्यावहारिक भी हो। अगर भारत के संदर्भ में एक देश, एक चुनाव के विचार को बारीकी से देखें तो यह एक काल्पनिक विचार दिखता है। यह सही है कि आजादी के बाद चार चुनाव एक साथ हुए लेकिन तब लोकतंत्र नया था, जड़ें गहरी नहीं हुई थीं, ज्यादा राजनीतिक पार्टियां नहीं थीं, गठबंधन की राजनीति का विचार नहीं आया था और एक पार्टी थी, जो आजादी की लड़ाई की विरासत लिए हुए थी और देश के लोग उसे राज करने का स्वाभाविक हकदार मानते थे। आज वह स्थिति नहीं है, जो 1967 में थी। आज के समय में भारत जैसे संघीय व्यवस्था और बहुदलीय लोकतांत्रिक प्रणाली वाले देश में इस विचार पर अमल पहले से ज्यादा मुश्किल हो गया है। हो सकता है कि बहुत कोशिश करके एक बार या दो बार ऐसा कर दिया जाए लेकिन लोकतंत्र, संघीय व्यवस्था और चुनाव की बहुदलीय प्रणाली को बनाए रखते हुए हर बार ऐसा करना संभव नहीं होगा।

कोई दस साल तक लगातार इस बारे में बात करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने इसकी एक पहल की है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई है, जो इस संभावना पर विचार करेगी कि लोकसभा के साथ सारी विधानसभाओं के चुनाव कराए जा सकते हैं या नहीं और अगर कराए जा सकते हैं तो कैसे? इसके लिए कमेटी देश भर का दौरा करेगी, राज्यों की चुनी हुई सरकारों और विपक्षी पार्टियों के नेताओं से बात करेगी, चुनाव आयोग से राय लेगी और आम लोगों के विचार जानने के बाद अपनी रिपोर्ट देगी, जिसे संसद में बिल के तौर पर रखा जाएगा। संसद में इसे पास कराने के लिए दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होगी और साथ ही देश के आधे राज्यों की विधानसभाओं से भी इसकी मंजूरी करानी होगी। सरकार अगर चाहेगी तो संवैधानिक प्रक्रिया उसके लिए बाधा नहीं बनेगी। पर मुश्किल लोकतंत्र, संघीय ढांचा और बहुदलीय व्यवस्था बचाने की है।

सबसे पहला सवाल यह है कि पूरे देश में एक साथ चुनाव के लिए संविधान में संशोधन का जो बिल तैयार होगा उसमें कटऑफ डेट क्या होगी? सभी चुनाव कराने के लिए कौन सा वर्ष तय होगा? क्या अगले साल अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव के साथ सभी राज्यों के चुनाव कराए जाएंगे? अगर ऐसा सोचा जाता है तो फिर जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव नवंबर में होने वाले हैं वहां की चुनी हुई सरकार की जगह राष्ट्रपति शासन लगाना होगा तो क्या यह उन राज्यों में सत्तारूढ़ दलों के साथ अन्याय नहीं होगा? जिन पांच राज्यों में चुनाव होने वाले हैं उनमें से चार राज्यों में गैर भाजपा दलों की सरकारें हैं और उन्होंने चुनाव की तैयारियों के लिहाज से लोक कल्याण की अपनी योजनाओं को लागू किया है। अगर उनको हटा कर राष्ट्रपति शासन लागू किया जाता है तो उनको अपनी योजनाओं और यहां तक कि पांच साल के कामकाज का कोई लाभ नहीं मिलेगा। राज्य का नियंत्रण केंद्र के हाथ में चला जाएगा और चुनाव में लेवल प्लेइंग फील्ड नहीं रह जाएगा।

इसी तरह जिन राज्यों में इस साल या पिछले साल चुनाव हुए हैं उन राज्यों की सरकारों का क्या होगा? क्या जनता की चुनी हुई सरकार को हटा कर और निर्धारित समय से तीन या चार साल पहले विधानसभा भंग करके चुनाव कराना सही विचार होगा? कर्नाटक में इस साल मई में चुनाव हुए हैं और त्रिपुरा, मेघालय, नगालैंड में साल के शुरू में चुनाव हुए तो क्या चार साल का कार्यकाल रहते इन सरकारों को भंग कर दिया जाएगा? अगर अगले साल अप्रैल-मई की कटऑफ डेट तय होती है तो उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर, और गोवा की विधानसभा का कार्यकाल तीन साल बचा रहेगा। हिमाचल प्रदेश और गुजरात की विधानसभा का कार्यकाल साढ़े तीन साल से ज्यादा बचा रहेगा और तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, असम का दो साल से ज्यादा का कार्यकाल बचा रहेगा।

> " दुनिया में विकास के लिए बढ़ती वित्तीय जरूरतें और ऋण वितरण में गिरावट एमडीबी को और अधिक हाशिये पर डालने लगी है। इसी पृष्ठभूमि में इन संस्थानों में सुधार करना जी-20 की मूल कोशिशों में शुमार है। इस पर चर्चा के लिए दुनिया के अनेक वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंक के गवर्नर (एफएमसीबीजी) समय-समय पर मिलते रहे हैं।

# दुनिया के विकास में कम न पड़े पैसा

एन के सिंह, अध्यक्ष, वित्त आयोग

एक पुरानी कहावत है, आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अर्थव्यवस्थाओं का पुनर्निर्माण और विकास एक सर्वोपरि आवश्यकता थी। इसने वैश्विक सहयोग से नियम-आधारित एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संरचना को जन्म दिया। दुनिया में अर्थव्यवस्थाओं को फिर खड़ा करने और विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय बैंक-इंटरनेशनल बैंक फॉर रिकांस्ट्रक्शन ऐंड डेवलपमेंट (आईबीआरडी) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ)- साल 1944 में बनाए गए। तब से वर्ल्ड बैंक ग्रुप (डब्ल्यूबीजी) में रियायती धन के लिए इंटरनेशनल डेवलपमेंट एसोसिएशन (आईडीए), इंटरनेशनल फायनेंसियल कॉरपोरेशन (आईएफसी), मल्टीलेटरल इंवेस्टमेंट गारंटी एजेंसी (एमआईजीए), ग्लोबल एनवायरमेंट फेसिलिटी (जीईएफ) और ढेर सारे ट्रस्ट फंड शामिल हैं। दूसरी ओर, आईएमएफ के पास वैश्विक मौद्रिक सहयोग बढ़ाने, व्यापार व आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और समृद्धि को नुकसान पहुंचाने वाली नीतियों को हतोत्साहित करने का खास मिशन है।

अब सवाल यह कि बहुपक्षीय विकास बैंक या मल्टीलेटरल डेवलपमेंट बैंक (एमडीबी) क्या है? वैसे, एमडीबी की कोई मानक परिभाषा नहीं है। हमने अपनी रिपोर्ट में दुनिया में 17 एमडीबी का उल्लेख किया है। इनमें अफ्रीकी विकास बैंक, एशियाई विकास बैंक, यूरोपीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक प्रमुखता से शामिल हैं। पिछले आठ दशक में इन संस्थानों ने दुनिया की अच्छी सेवा की है। ये वैश्विक वित्तीय संरचना के केंद्र में रहे हैं। अब तक इनके द्वारा हासिल कामयाबी के बावजूद, एक जबरदस्त भावना अब यह है कि इन संस्थानों ने वर्तमान स्वरूप में अपनी उपयोगिता गंवा दी है। दुनिया असामान्य चुनौतियों का सामना कर रही है। भू-राजनीतिक तनाव, ऋण का अस्थिर स्तर, निम्न आय वाले देशों में बढ़ती गरीबी और साझा वैश्विक समृद्धि में गिरावट के तत्काल समाधान की जरूरत है। इन चुनौतियों ने हमें फिर विचार-मंथन के लिए साथ ला बिठाया है।

दुनिया में विकास के लिए बढ़ती वित्तीय जरूरतें और ऋण वितरण में गिरावट एमडीबी को और अधिक हाशिये पर डालने लगी है। इसी पृष्ठभूमि में इन संस्थानों में सुधार करना जी-20 की मूल कोशिशों में शुमार है। इस पर चर्चा के लिए दुनिया के अनेक वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंकके गवर्नर (एफएमसीबीजी) समय-समय पर मिलते रहे हैं। गौर करने की बात है, जी-20 साल 1999 से अस्तित्व में आया और 2008 में ही इस संस्था को नेतृत्व के स्तर तक उठाया गया। उसके बाद ही समकालीन आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। विश्व में आर्थिक प्रशासन में सुधार, वैसे तो बार-बार उठने वाला विषय है, पर इस मोर्चे पर जरूरी कामयाबी नहीं मिली है।



जर्मनी की जी-20 अध्यक्षता के समय कारगर प्रयास शुरू हुए और इतालवी अध्यक्षता में एमडीबी की ऋण क्षमता बढ़ाने के उपायों पर विचार किया गया। हालांकि, भारत के जी-20 की अध्यक्षता संभालने से पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था, यह जरूरी है कि हर लोकतांत्रिक राष्ट्र ऐसे बहुपक्षीय निकायों के सुधार पर जोर दे, ताकि वे वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों से निपटने के कार्य में आगे आ सकें।

इसीलिए यह आश्चर्य की बात नहीं थी कि भारत की अध्यक्षता के समय 12 और 13 फरवरी को एफएमसीबीजी की दूसरी बैठक में व्यापक संदर्भ के साथ एमडीबी को मजबूत करने पर एक स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह (आईईजी) गठित करने का फैसला लिया गया। इसी दिशा में एमडीबी समूह की पहली रिपोर्ट 18 जुलाई को गांधीनगर में पेश की गई। एमडीबी का सशक्तीकरण: ट्रिपल एजेंडा नामक रिपोर्ट में देशों के बीच परस्पर सहमति या लक्ष्य को तीन गुना करने की सिफारिश शामिल थी। अत्यधिक गरीबी से लड़ना और समृद्धि साझा करने के लक्ष्य से परे, तीसरे लक्ष्य में सतत विकास के लक्ष्यों, जैसे जलवायु संरक्षण संबंधी कदम उठाना और अन्य वैश्विक जन-वस्तुओं के लिए पहल करना शामिल है। हमने अर्थात स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह ने महसूस किया कि इन तीन लक्ष्यों को पाने के लिए हमें अब से 2030 के बीच हर साल 3 ट्रिलियन डॉलर की जरूरत पड़ेगी। हमारा मानना है, इसमें से 2 ट्रिलियन डॉलर संबंधित देशों द्वारा बेहतर नीतियों व प्रोत्साहन से घरेलू स्तर पर जुटाए जा सकते हैं। इसके अलावा, 500 अरब डॉलर निजी क्षेत्र से जुटाए जा सकते हैं, जबकि 500 अरब डॉलर रियायती व गैर-रियायती वित्त सहित आधिकारिक विकास वित्तपोषण के माध्यम से जुटाए जा सकते हैं। कुल मिलाकर, एमडीबी की क्षमता को तिगुना कर प्रति वर्ष औसतन 120 अरब डॉलर से 400 अरब डॉलर तक जुटाए जा सकते हैं।

हमने ग्लोबल पब्लिक गुड्स या वैश्विक जन-वस्तुओं की वैश्विक चुनौतियों के लिए वित्तपोषण तंत्र के गठन का सुझाव भी दिया है। बेहतर परिचालन मॉडल से एमडीबी की क्षमता में पर्याप्त वृद्धि होगी। निजी पूंजी की तलाश ही आगे का रास्ता है। हमारे लिए कार्य प्रगति पर है। हम अक्तूबर में माराकेश में आईएमएफ और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक के समय अपनी दूसरी रिपोर्ट पेश करना चाहते हैं।

अपने प्रयासों के दूसरे खंड में, हम इस दिशा में स्वाभाविक रूप से निजी क्षेत्र को संगठित और प्रेरित करने के लिए व्यापक सिफारिशें करना चाहते हैं। हम दुनिया के बहुपक्षीय विकास बैंकों के परिचालन और जवाबदेही प्रक्रियाओं में संरचनात्मक बदलाव के सुझाव देना चाहते हैं। इसके अतिरिक्त, हम वैश्विक चुनौतियों के वित्तपोषण तंत्र के अभिनव प्रस्ताव की रूपरेखा तैयार करना चाहते हैं। एक परिवार के रूप में एकजुट होकर काम करने के लिए एमडीबी को सक्षम बनाने के तौर-तरीके सुझाना चाहते हैं। अंततः हम एक कारगर रोडमैप देना चाहते हैं।

अब काम का समय आ गया है। हमें समय की गंभीरता, तत्परता और बड़े पैमाने पर कार्य की जरूरत को देखते हुए साथ मिलकर कदम उठाना चाहिए। सामान्य ढर्रे में चल रहा कार्य-व्यापार दुनिया की जरूरतों को पूरा नहीं करेगा। हमें अपने दृष्टिकोण, उपकरणों और तौर-तरीकों का फिर आविष्कार करना होगा। हमें नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था को संरक्षित और मजबूत करना होगा। आज कारगर बहुपक्षीय विकास बैंक ऐतिहासिक जरूरत हैं।

**( एमडीबी पर जी-20 विशेषज्ञ समूह के सह—अध्यक्ष। ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# प्रेमी से योद्धा तक हर मोड़ पर मिल जाते हैं कन्हैया

प्रयाग शुक्ल, कवि और कला मर्मज्ञ



कृष्ण हमारे उन पौराणिक पात्रों में से हैं, जो सामाजिक जीवन में सदियों से अलग-अलग रूपों में रचे-बसे हैं। जैसे, हमारा 'राधे-राधे' का अभिवादन, गीता का वाचन। कृष्ण युद्धभूमि में हैं। वह रास रचा रहे हैं। सुदामा के सखा हैं। वह द्वारकाधीश हैं। द्रौपदी के सखा हैं। राधा के साथ हैं। रुक्मिणी के करीब हैं। देखा जाए, तो कृष्ण स्त्री और पुरुष के साथ अलग-अलग रूपों में मौजूद हैं। उनमें जीवन के कई तरह के रहस्य, अनुभव अथवा मर्म पिरोये हुए लगते हैं। इस एक पात्र में हमें सब कुछ मिलता है। खासकर लघु चित्रकारी में ही कृष्ण को जितना पसंद किया गया है, उतना शायद ही किसी अन्य देवी-देवता को रचा गया है। आधुनिक साहित्य में अंधा युग जैसी कृति उपलब्ध है। कृष्ण ने डॉ राम मनोहर लोहिया को भी राम, कृष्ण और शिव नामक अद्भुत लेख लिखने को प्रेरित किया। महात्मा गांधी भी अपनी आत्मकथा में यह स्पष्ट कर चुके हैं कि गीता का उन पर कितना अधिक प्रभाव रहा। उनके मुताबिक, सत्य का ध्यान सबसे अधिक गीता से ही मिला। जब भी वह निराश होते, तो उन श्लोकों को याद करते। कृष्ण पर किसी ने उपन्यास लिखा है, तो किसी ने ग्रंथ। कविताएं तो कई सारी लिखी गई हैं। ये सब इस बात का संकेत है कि जीवन के तमाम रहस्यों, मर्मों, प्रेम, सद्भाव, भाव, लीलाएं आदि सबमें कृष्ण समान रूप से उपलब्ध हैं।

कृष्ण ने अपने जीवन में हर तरह की कल्पनाएं भी की हैं। वह चमत्कार दिखाते हैं, और उसे समेट भी लेते हैं, कई बात तो उसे कार्य रूप में परिणत भी करते हैं। कृष्ण को हम बचपन से ही याद करते हैं। सूरदास के पदों या सुदामा चरित पढ़कर हम संबल पाते हैं। आज भी बहुत सारी लड़कियां या महिलाएं श्याम वर्ण के कारण संकोच करती हैं और खुद को अन्य औरतों से कमतर मानती हैं। कृष्ण श्याम रूप में उनको ताकत देते हैं। हम कृष्ण को उसी तरह अपने मित्र के रूप में पाते हैं, जैसे सुदामा ने पाया था। देखि सुदामा की दीन दसा, करुणा करिकै करुणानिधि रोए। पानि परात को हाथ छूयौ नहि, नैनन के जल सों पग धोए... कृष्ण विवाद ही नहीं, प्रीति और तमाम तरह के रहस्यों के भी विषय हैं। कृष्ण का होना जीवन के कई मर्मों के साथ होना है। यहां प्रेम है, योद्धा है, विनम्रता है, अपनी क्षमता बताने वाला व्यक्ति है, ज्ञान देने वाला शख्स है, जीवन का रहस्य बताने वाला गुरु है। कृष्ण हमारे उन देवी-देवताओं में से हैं, जिनके साथ हम अपने होने की बात कह सकते हैं। बाकी देवी-देवताओं के साथ मान-आदर जुड़ा हुआ है, कृष्ण के साथ भी है, पर वह उससे कहीं ज्यादा एक ऐसे व्यक्ति जान पड़ते हैं, जो हमारे साथ चलते हैं। हमारा साथ देते हैं। उनका पूरा जीवन ही औपन्यासिक है।

कई बार लगता है कि यदि कृष्ण चरित न होता, तो हमारे पास शायद मीरा व सूरदास नहीं होते। कृष्ण का गुणगान और उनकी भक्ति तमाम रूपों में मौजूद है। उनके जन्म से लेकर प्रस्थान तक, यानी उनका पूरा जीवन-काल इस लोक में मनुष्य के होने के प्रतिनिधि जैसा है। जन्म लेना, किशोरावस्था, प्रेम करने की आयु, जीवन के युद्ध में उतरना, अवसान... कृष्ण बताते हैं कि जीवन में जो भी शक्तियां अर्जित होती हैं, वे साथ नहीं जातीं। वह मानव-जीवन के पर्याय बनकर उभरते हैं। वह नीति व कूटनीति के प्रतीक हैं।

साहित्य-संस्कृति की बात करें, तो कृष्ण इससे भी दूर नहीं हैं। कथक में कृष्ण हैं, तो तमाम नाट्य रूपों में भी वह मौजूद हैं। उन पर लोकगीत भी बहुत हैं। जब-जब इन पदों को गाया जाता है, आधुनिक जीवन की संगति-विसंगतियों को हम याद करने लगते हैं। ये पद हमें एहसास दिलाते हैं कि हमने क्या खोया है। कृष्ण के समय में राष्ट्र वन-उपवन से सजा हुआ था, प्रकृति अलग रूप में थी, लेकिन अब हमने राष्ट्र के अर्थ को सिर्फ मनुष्यों तक सीमित कर दिया है। इसमें प्रकृति को हम शामिल नहीं करते। आधुनिक काल में कृष्ण का अलग-अलग रूपों में मानव जीवन में प्रवेश हुआ है। वह बंगाल में चैतन्य महाप्रभु के रूप में हैं, तो मणिपुर में रासलीला के रूप में। राजस्थानी हो या मुगल, सभी में कृष्ण दिखते हैं। लोक-संस्कृति में कृष्ण के साथ राधा भी दिखती है, रुक्मिणी भी, द्रौपदी भी और गांधारी भी। पंडवानी गायन विधा में तो कृष्ण से सवाल भी पूछे जाते हैं।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने हेतु राज्य में लागू है छत्तीसगढ़ पर्यटन नीति 2020

मनोज सिंह, सहायक संचालक

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशन में राज्य शासन द्वारा पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने हेतु छत्तीसगढ़ पर्यटन नीति 2020 का राजपत्र में प्रकाशन दिनांक 18 अप्रैल 2020 से कर इसे 05 वर्ष के लिए लागू किया गया है। छत्तीसगढ़ पर्यटन नीति 2020 में स्थानीय उद्यमियों एवं निजी निवेशकों हेतु पर्यटन प्रोत्साहन, पी.पी.पी. मॉडल पर पर्यटन विकास के लिए आवश्यक प्रावधान किए गए हैं साथ ही राज्य के समस्त जिलों में चिन्हांकित पर्यटन स्थलों में से प्राथमिकता के आधार पर पर्यटन स्थलों का विकास कर उससे सुगम बनाने की कार्ययोजना है।



**जल पर्यटन:-** प्रदेश में जल पर्यटन की पर्याप्त संभावनाओं को देखते हुए प्रदेश के 09 जलाशयों यथा मुरूमसिल्ली, गंगरेल डैम धमतरी, हसदेव बांगो जलाशय कोरबा, संजय गांधी जलाशय (खूटाघाट) रतनपुर, सरोधा जलाशय कबीरधाम, समोधा बैराज, कोडार जलाशय रायपुर मनालिया जलाशय गौरेला और दुधावा जलाशय कांकेर का चयन किया गया है।

**राम वनगमन पथ:-** छत्तीसगढ़ में राम वन गमन पथ में आने वाले 75 स्थलों का चयन किया गया है। प्रथम चरण में 10 स्थानों सीतामढ़ी हरचौका, रामगढ़, शिवरीनारायण, चंपारण्य, तुरतुरिया, चन्दरखुरी, राजिम, सिहावा सप्तऋषि आश्रम, जगदलपुर एवं रामाराम के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए 162 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। चंदखुरी, शिवरीनारायण, राजिम और चंपारण्य में शुरूआती चरणों के कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं।

**ट्रायबल टूरिज्म सर्किट:-** प्रदेश में ट्रायबल टूरिज्म सर्किट' के अन्तर्गत ईको रिसॉर्ट कुरदर जिला बिलासपुर, बैगा एथनिक रिसॉर्ट सरोधादादर जिला कबीरधाम, धनकुल एथनिक रिसॉर्ट जिला कोण्डागांव, सरना एथनिक रिसॉर्ट बालाछापर जिला जशपुर, कोईनार हाईवे ट्रीट कुनकुरी जिला जशपुर, हिल मैना हाईवे ट्रीट नथियानवागांव जिला कांकेर, सतरेंगा बोट क्लब एण्ड रिसॉर्ट जिला कोरबा और साइट अमेनिटी महेशपुर जिला सरगुजा का लोकार्पण किया जा चुका है।

## नीति-कार्यक्रम के बिना!

इंडिया गठबंधन के नेताओं ने मुंबई में हुई अपनी बैठक में अगले आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को हरा देने का इरादा एक स्वर से जताया। बल्कि उन्होंने कथानक तो यह पेश किया कि इंडिया नाम के बैनर तले 28 दलों के इकट्ठा हो जाने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घबरा गए हैं। मोदी ने जिस तरह इस गठबंधन के नाम को निशाना बनाया है, या अचानक पांच दिन का विशेष सत्र बुलाने और वन नेशन-वन इलेक्शन के लिए कमेटी बनाने का फैसला किया है, इंडिया नेताओं ने उसे उनकी घबराहट का संकेत बताया। इसके अलावा गठबंधन ने चार कमेटियों का एलान किया। ये कमेटियां इन दलों में समन्वय, सीटों के तालमेल का फॉर्मूला बनाने, चुनाव अभियान चलाने और मीडिया अभियान को संभालने के लिए हैं। मगर गठबंधन के नीति और कार्यक्रम अथवा साझा न्यूनतम कार्यक्रम की घोषणा की उम्मीद लगाए लोगों को मायूसी झेलनी पड़ी। राहुल गांधी ने अपने भाषण में यह जरूर कहा कि नीति और कार्यक्रम तय करने के लिए एक समिति बनेगी, लेकिन उसका एलान बैठक के आखिरी दिन नहीं हुआ। तो सहज ही यह सवाल उठा कि क्या इन दलों की प्राथमिकता में नीति और कार्यक्रम महत्त्वहीन या सबसे नीचे है? इंडिया नेताओं का दावा है कि वे सत्ता पाने के लिए इकट्ठा नहीं हुए हैं। बल्कि वे देश, संविधान, लोकतंत्र, संघीय व्यवस्था, सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता को बचाने के लिए अपने मतभेदों को भुला कर एकजुट हुए हैं। उनका आरोप है कि मोदी सरकार देश में महंगाई, बेरोजगारी, देश की सरहद की रक्षा करने आदि जैसे मसलों पर नाकाम हो गई है। वह लोगों की अन्य समस्याओं के लिए जिम्मेदार है। मगर जो लोग इन बातों से सहमत होंगे, वे भी यह अवश्य जानना चाहेंगे कि अगर इंडिया सत्ता में आया, तो वह महंगाई या बेरोजगारी पर कैसे काबू पाएगा, उसकी चीन और विदेश नीति क्या होगी, और कुल मिलाकर वह संवैधानिक भावनाओं को पुनर्स्थापित करने के लिए क्या कदम उठाएगा? मगर इंडिया गठबंधन ने सबसे पहले यह बताने को प्राथमिकता नहीं दी है। स्पष्ट है कि उसकी निर्भरता एंटी इन्कबेंसी पर है। मगर यह खुद उसके लिए हानिकारक सोच है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### रागी मिलेट से कृषक डोंगर सिंह और विजयशंकर हुए समृद्ध

**रायपुर।** यह वर्ष लघु धान्य मिलेट वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में लघु धान्य फसलों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। इस क्रम में महासमुंद जिले को गत वर्ष 1500 हेक्टेयर का लक्ष्य दिया गया था। विभाग के प्रयास से जिले के पिथौरा, बसना विकासखण्ड में लघु धान्य मिलेट बड़े पैमाने पर लगाए गए। बसना विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम भंवरपुर में 100 एकड़ क्षेत्र में 33 किसानों ने रागी फसल का उत्पादन कर लाभ अर्जित किया था। कृषि विभाग द्वारा किसानों को दी गई समझाईश और मुफ्त बीज वितरण से प्रभावित होकर पिथौरा विकासखण्ड के ग्राम फरौदा के कृषक श्री डोंगर सिह चक्रधारी ने रबी फसल वर्ष 2022-23 में 0.40 हेक्टेयर क्षेत्र में कृषि विभाग की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (रफ्तार) अन्तर्गत रागी बीज किस्म वी.एव. मड़िया-376 प्राप्त कर अपने खेत में लगाया था। योजनांतर्गत उन्हें 6 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से बीज एवं इनपुट सामग्री के रूप में अनुदान प्राप्त हुआ। जिससे उन्हें अच्छा उत्पादन और लाभ भी मिला। कृषक चक्रधारी ने बताया कि रागी की फसल से 0.40 हे. में लगभग 12.00 क्विंटल उत्पादन हुआ। जिसे समर्थन मूल्य 3578 रुपए/क्विंटल की दर से लघु वनोपज समिति में विक्रय किया गया। जिससे उन्हे कुल 42 हजार 936 रुपए प्राप्त हुआ। रागी की फसल लेने में उन्हें लगभग 4000 रुपए की कास्त लागत आयी है इस तरह उन्हें इस फसल से 38 हजार 936 रुपए का शुद्ध आय प्राप्त हुआ है। कृषक चक्रधारी बताते है कि वे उत्पादन में वृद्धि के लिए बुवाई से पूर्व कवकनाशी तथा पी.एस.बी. कल्चर से उपचारित किया तथा प्रति इकाई उत्पादकता में वृद्धि के लिए अन्तवर्ती फसल के रूप में सूरजमुखी का फसल लिया।

### वास्तुकला विभाग ने लेट्स डिजाइन अ बैटर वर्ल्ड पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया

**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के वास्तुकला विभाग ने 4 सितंबर को लेट्स डिजाइन अ बैटर वर्ल्ड पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया। एमएनआईटी जयपुर के वास्तुकला और योजना विभाग के प्रोफेसर डॉ. तरुष चंद्रा एवं लार्सन एंड टुब्रो में डायल आईजीआई एयरपोर्ट फेज़ 3 ए डेवलपमेंट के डिजाइन एंड आर्किटेक्चर के प्रमुख आर्किटेक्ट देबब्रत पाल इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता थे। इस गेस्ट लेक्चर का आयोजन वास्तुकला विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अबीर बंधोपाध्याय के सफल मार्गदर्शन में किया गया। डॉ. तरुष चंद्रा ने अपने संबोधन की शुरुआत आज के समय में हो रहे शहरीकरण के कारण विश्व पर 2050 तक होने वाले परिणामों पर प्रकाश डालकर की। उन्होंने एशिया और अफ्रीका में शहरीकरण के नकारात्मक परिणामों तथा बस्तियों में पर होने वाले प्रभावों के बारे में बताया । शहरीकरण की आवश्यकता से भी छात्रों को परिचित करवाया गया तथा अनेक नवीन सस्टेनेबल ग्रोथ मॉडल के विषय में बताते हुए छात्रों को आर्किटेक्ट के तौर पर उनके योगदान की बात कही गई । उन्होंने विस्तार से बताया कि कैसे हमारे संसाधनों के डिजिटलीकरण, डिजिटल अर्थव्यवस्था के उपयोग, सार्वजनिक परिवहन के वैकल्पिक और कुशल साधनों के उपयोग, कॉम्पैक्ट शहरी स्वरूप को बढ़ावा देने, स्मार्ट बुनियादी ढांचे में निवेश आदि से गुणवत्तापूर्ण डिजाइन करने की चुनौतियों का समाधान किया जा सकता है। उन्होंने अपने करियर के दौरान शुरू की गई विभिन्न परियोजनाओं के बारे में बताते हुए आईजीआई हवाई अड्डे पर डायल चरण 3 ए विकास की विशेषताओं के बारे में बताया।

# मुख्यमंत्री ने शिक्षक दिवस पर 1318 शिक्षकों को सौंपा नियुक्ति पत्र जीर्णोद्धार के पश्चात् 7 हजार 688 स्कूलों का किया लोकार्पण

**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि स्कूल विद्या का मंदिर, इन्हें जीर्णशीर्ण नहीं रखा जा सकता इसलिए मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत स्कूलों का जीर्णोद्धार कराया**

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। सरगुजा और बस्तर के नवनियुक्त शिक्षकों के लिए शिक्षक दिवस का दिन बेहद खास बन गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। 1318 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे गये। उल्लास से भरे इन शिक्षकों ने नियुक्ति पत्रों को लहराते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें कहा कि स्कूल विद्या का मंदिर है। इन्हें जीर्णशीर्ण नहीं रखा जा सकता। हमने 2100 करोड़ रुपए की मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के माध्यम से जीर्णशीर्ण स्कूलों के जीर्णोद्धार की योजना तैयार की। आज 7 हजार 688 स्कूलों एवं इनमें 464 अतिरिक्त कक्षों के निर्माण कार्य का लोकार्पण कर रहे हैं।



आप जिन स्कूलों से अपने अध्यापन की शुरूआत करेंगे। वे बहुत सुंदर हैं। उनकी पुताई छत्तीसगढ़ में ही बने गोबर पेंट से हुई है। आप सभी इन सुंदर, सुविधापूर्ण स्कूलों में बच्चों का भविष्य गढ़ें।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हम गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का संकल्प लेकर आये थे। किसानों की माली हालत खराब थी। वनोपजों का बेहतर दाम नहीं मिल पा रहा था। इलाज के लिए सुविधा नहीं थी। बस्तर में नक्सल प्रभावित क्षेत्र में स्कूल भवन ध्वस्त कर दिए थे। जब हमने बस्तर फाइटर की नियुक्ति आरम्भ की तो इसके लिए शैक्षणिक योग्यता वाले पात्र युवक नहीं मिल पा रहे थे। आज जो बड़े पैमाने पर स्कूलों का जीर्णोद्धार हुआ है उसके पीछे हमारी शिक्षा की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है।

उन्होंने नवनियुक्त शिक्षकों से कहा कि आप राष्ट्रनिर्माता हैं। समाज को दिशा दिखाते हैं। कोरोना में शिक्षकों ने बहुत अच्छा काम किया। ऑनलाइन पढ़ाई कराई। कोरोना की वजह से पढ़ाई का लॉस हमारे राज्य में सबसे कम रहा। आप सभी ओल्ड पेंशन के हकदार होंगे। आपका भविष्य भी हमने सुरक्षित किया है। आप छत्तीसगढ़ के बच्चों के भविष्य को गढ़ने में अपना पूर्ण योगदान दें। पहले अंग्रेजी स्कूल शासन द्वारा संचालित नहीं होता था। अब यह शासन द्वारा संचालित है। यहां पढ़ाई अच्छी है। इसलिए एडमिशन की भी काफी डिमांड है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने सम्बोधन के दौरान केशकाल के धनोरा गाँव का एक संस्मरण सुनायाद्य उन्होंने कहा कि भेंट-मुलाकात के दौरान एक बच्ची ने मुझसे कहा कि- हमारे स्कूल को भी अच्छा बनवा दीजिए, मैंने कहा बिल्कुल। हम सभी स्कूलों को अच्छा करेंगे। इसी भाव पर अमल करते हुए हमने स्कूलों की बेहतरी के लिए 2100 करोड़ रुपये दिए। ये हमारे विद्या के मंदिर हैं। इन्हें जीर्णशीर्ण नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप जिन स्कूलों में पढ़ाने जाएंगे। उनके स्कूल सुंदर हैं। उनमें हमारे यहां बने गोबर पेंट की पुताई हुई है। आप सभी यहां बच्चों का भविष्य गढ़ें। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभागवार अभिभावकों से चर्चा भी की। लैलूंगा से हरिराम राठिया ने बताया कि हमारा स्कूल पहले ठीक नहीं था। अब बढ़िया हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब स्कूल बढ़िया हो गया है। अब रख-रखाव करते रहिए। पालक समिति इस पर ध्यान देती रहे। मुख्यमंत्री ने पढ़ाई की स्थिति के बारे में भी पूछा। बस्तर के लोहंडीगुड़ा में पदस्थ शिक्षक नितिन ने बताया कि हमारा स्कूल बहुत जर्जर स्थिति में था। अब अच्छा हो गया, अतिरिक्त कक्ष भी बन गया। मुख्यमंत्री ने शिक्षक दिवस की उन्हें बधाई दी और शुभकामनाएं भी दी। स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत 8000 से भी अधिक स्कूलों में 2100 करोड़ रुपए की लागत से मरम्मत एवं कायाकल्प का कार्य हो रहा है। आज 1300 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र मिला। इसमें से ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र के युवा हैं, मैं उन्हें बधाई देता हूँ। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ आलोक शुक्ला ने कार्यक्रम में प्रतिवेदन रखते हुए बताया कि पूर्व में स्कूल भवनों के रख-रखाव के लिए हमारे पास बहुत कम राशि थी। लेकिन अब अच्छी राशि के साथ न केवल स्कूल में व्यवस्थाएं सुधर रही हैं बल्कि शिक्षक और विद्यार्थी दोनों के लिए अध्ययन-अध्यापन का अच्छा माहौल बना है। इस मौके पर स्कूल शिक्षा सचिव एस. भारतीदासन, डीपीआई सुनील जैन एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## पोषण माह-2023: पोषण जागरूकता के लिए सात विभिन्न थीम पर आयोजित की जा रहीं गतिविधियां



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** पोषण एवं एनीमिया के स्तर में कमी लाने के उद्देश्य से वर्ष 2018 से पोषण अभियान का संचालन राज्य के सभी जिलों में किया जा रहा है। इस वर्ष भी प्रदेश की आंगनबाड़ियों में एक सितंबर से पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है, जो 30 सितम्बर तक चलेगा। इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान सात विभिन्न थीम संपूर्ण स्तनपान एवं ऊपरी आहार, स्वस्थ बालक स्पर्धा, पोषण भी पढ़ाई भी, मिशन लाईफ अंतर्गत पोषण गतिविधियां, मेरी माटी मेरा देश, जनजातीय केन्द्रित पोषण संवेदना, एनीमिया की रोकथाम और प्रबंधन पर आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके लिए दैनिक गतिविधियों का कैलेण्डर भी बनाया गया है।

राज्य स्तर पर राष्ट्रीय पोषण माह के साथ छत्तीसगढ़ में वजन त्यौहार की गतिविधियों का भी शुभारंभ किया गया है। वजन त्यौहार गतिविधियों के अंतर्गत प्रदेशभर में बच्चों की वृद्धि मापन पर सामुदायिक जागरूकता का काम किया जा रहा है। आंगनबाड़ियों में बच्चों का वजन और ऊंचाई मापकर उनका पोषण स्तर जांचकर अभिभावकों को उचित मार्गदर्शन दिया जा रहा है। वजन त्यौहार के दौरान लिए गए बच्चों के वजन सहित अन्य जानकारियों पोषण ट्रैकर एप्प में एंट्री भी किया जा रहा है। इसी तरह पोषण माह के दौरान सुपोषण चौपाल, अन्नप्राशन दिवस, परिवार चौपाल, पोषण मेला, व्यंजन प्रदर्शन जैसे कई आयोजन पंचायत एवं शहरी क्षेत्रों में किए जाएंगे।

इसमें जनप्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। पोषण माह के दौरान स्कूलों में ऊपरी आहार पर कोलाज तैयार कराना, नारा लेखन, पोषण पर निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, ग्राम पंचायत स्तर पर नारा और दीवार लेखन, प्रभातफेरी, स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा जैसी गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा। साथ ही ग्राम पंचायत के सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्रों और शालाओं में पोषण वाटिका का विकास किया जाएगा। इसी तरह प्रदेशभर में पोषण जागरूकता और किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं में एनीमिया की रोकथाम के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन होगा।

# शिक्षक दिवसः मदरसा बोर्ड ने किया उत्कृष्ट मदरसा शिक्षकों का सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड द्वारा आज उत्कृष्ट मदरसा शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री महेन्द्र छाबड़ा, विशिष्ट अतिथि चेयरमेन छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी श्री मोहम्मद असलम खान, समारोह के अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष श्री अलताफअहमद, सचिव छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड डॉ. इम्तियाज अहमद अंसारी, सहायक संचालक पी. पी. द्विवेदी एवं तौहीद खान, इस्माईल अहमद, मोहम्मद उस्मानी ने उत्कृष्ट मदरसा शिक्षक-शिक्षिकाओं को श्रीफल, शाल, प्रशस्त्रि-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि महेन्द्र छाबड़ा ने उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जीवन में गुरूजनों का महत्वपूर्ण स्थान है। गुरू ही हमें जीवन जीने की कला, सलीका, तहजीब सिखाते हैं। गुरू ही हमें आगे बढ़ने का रास्ता बताते हैं। विशिष्ट अतिथि मोहम्मद असलम खान, चेयरमेन हज कमेटी ने उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक ही एक सभ्य और पढ़े-लिखे समाज का निर्माण करता है। सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष मदरसा बोर्ड श्री अलताफ अहमद ने कहा कि देश की आज़ादी में शिक्षको का जो योगदान है उसे भुलाया नहीं जा सकता। देश और समाज के विकास के लिए शिक्षा बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिक्षकों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने जहाँ संविदा शिक्षक-शिक्षिकाओं का नियमितिकरण किया है वहीं प्रदेश में व्यापक स्तर पर शिक्षकों की नियुक्ति भी की है। शिक्षा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री द्वारा जो कार्य किये जा रहें हैं वह समूचे देश में एक मिसाल है। उन्होंने मदरसा शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों में भी मदरसों के शिक्षक-शिक्षिकाएँ पूरी लगन, निष्ठा और ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं, यह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि मदरसों के लिए एक कार्य योजना तैयार की गई है जिससे वेतन अनुदान संबंधी समस्याओं का स्थायी निराकरण होगा।

शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में उत्कृष्ट शिक्षकीय कार्य हेतु मनीषा विभूते, इकबाल फातिमा, फरजाना बेगम, शाहिरा परवीन, अख्तरी खान, शहजाद खान, तहसीन अख्तर खान, डॉ. शबा परवीन, श्रीमती अफरोज, सुश्री हफीजा, नसरीन निशा, महजबीन शेख, शफी मोहम्मद एवं जावेद मो, कुरैशी को सम्मानित किया गया।

# आकाशवाणी की सांस्कृतिक पहल रायपुर, भिलाई और जगदलपुर में जी-20 के अंतर्गत आकाशवाणी रायपुर का आयोजन

### रायपुर में काव्य संध्या भिलाई में सुगम संगीत संध्या और और जगदलपुर में लोक संगीत संध्या

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। आकाशवाणी रायपुर की ओर से जी-20 के के अंतर्गत काव्य संध्या, सुगम संगीत और लोक संगीत संध्या का आयोजन रायपुर, भिलाई और जगदलपुर में किया जा रहा है। इसकी पहली कड़ी में 6 सितंबर बुधवार को रायपुर के रंग मंदिर सभागृह में शाम 7:00 से काव्य संध्या का आयोजन किया गया है। जिसमें कविता प्रेमी हिंदी, उर्दू और छत्तीसगढ़ी कविताओं का आनंद उठाएंगे। हिंदी के कवियों में डॉक्टर मानिक विश्वकर्मा, शरद कोकास, अजय सोनवानी और भरत कुमार, उर्दू में नीलू मेघ, अब्दुल सलाम कौसर, सुखनवर हुसैन और इरफानुद्दीन अपने कलाम पेश करेंगे। वहीं छत्तीसगढ़ी में दीप दुर्गवी, मीर अली मीर, रमेश विश्वहार और किशोर तिवारी अपने रचनाएं सुनाएंगे।

इसी कड़ी में अगला आयोजन 8 सितंबर शुक्रवार को शाम 7:00 बजे से महात्मा गांधी कला मंदिर सभागृह भिलाई सिविक सेंटर में सुगम संगीत संध्या के अंतर्गत होगा। जिसमें प्रभंजय चतुर्वेदी, पंडित अश्वनी वर्मा, प्राची कोकणठाणकर और साधना राहटगांवकर अपने सुरों का जादू जगाएंगे। उनके साथ पंडित अवध सिंह ठाकुर (तबला), सुरेश भट्ट (तबला), कीर्ति व्यास (वायलिन), शफीक हुसैन (सारंगी), रियाज मोहम्मद (सिंथेसाइजर), शिवा मिश्रा (ऑक्टोपैड) और दुष्यंत हरमुख (बांसुरी) संगत करेंगे।

आयोजन की तीसरी कड़ी में लोक संगीत संध्या 10 सितंबर रविवार को शाम 7:00 से श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागृह जगदलपुर में आयोजित है। आकाशवाणी जगदलपुर के सहयोग से आयोजित लोक सुधा में रायपुर के पद्मश्री डॉ राधेश्याम बारले और साथी पंथी लोकगीत व नृत्य प्रस्तुत करेंगे।

छतरपुर के प्रकाश यादव और साथी राई लोकगीत व नृत्य, अंबिकापुर के मालिक राम और साथी सरगुजिया लोकगीत नृत्य और जगदलपुर के दसरु राम और साथी गोंडी लोकगीत और नृत्य प्रस्तुत करेंगे। आकाशवाणी रायपुर के केंद्र अध्यक्ष उप महानिदेशक (अभियांत्रिकी) वी. राजेश्वर और कार्यक्रम प्रमुख सहायक निदेशक (कार्यक्रम) लखनलाल भौर्य ने बताया कि तीनों ही कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण पर है। उन्होंने कला, साहित्य व संस्कृति प्रेमियों से इस अवसर पर उपस्थित की अपील की है।


ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# आज मैं जिस मुकाम पर पहुंचा हूं उसमें मेरे गुरुजनों का योगदानः मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री बघेल ने किया लोकार्पण, सवा पाँच करोड़ रुपए की लागत से बना है भवन**

**सेवानिवृत्त 1500 शिक्षकों का शिक्षक दिवस के अवसर पर किया सम्मान**

श्रीकंचनपथ न्यूज





**रायपुर।** आज मैं जिस मुकाम पर पहुंचा हूं उसमें मेरे गुरुजनों का योगदान रहा है। जिस स्कूल परिसर में हम खड़े हैं। वो बहुत पुराना है। यहां विनोबा भावे का आगमन हुआ था और यहां उन्होंने भूदान के लिए लोगों को प्रेरित किया था। आज जिस अवसर पर मैं यहां आया हूं। वो शिक्षक दिवस का है। मैं पूर्व राष्ट्रपति और शिक्षक डा. राधाकृष्णन को भी नमन करता हूं। यह बात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज पाटन ब्लाक के ग्राम मर्रा में संत विनोबा भावे महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के नवनिर्मित महाविद्यालय का लोकार्पण करने और शिक्षक दिवस के अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान कार्यक्रम के दौरान कही। इसके साथ ही इस महाविद्यालय में हाइटेक नर्सरी, टिश्यू कल्चर प्रयोगशाला, इंप्लीमेंट शेड, बीज भंडार गृह, कृषक विश्राम गृह, तीन खाद गोदाम व महाविद्यालय के 2 अतिरिक्त कक्षों को लोकार्पण किया। शिक्षक दिवस के अवसर पर यहां 1500 सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि मर्रा में स्थापित कृषि महाविद्यालय के तकनीक से खेती-किसानी में सुधार होगा। आधुनिक खेती से उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। प्रदेश में 10 हजार गौठान बनाये गए है। जिसमें आज 6 हजार गौठान स्वावलम्बी हो गए है। प्राथमिक शिक्षा विस्तार के लिए 700 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गए है। स्कूल जतन योजना के तहत स्कूलों का जीर्णोद्धार किया गया है। 30 हजार टीचरों की भर्ती की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर वातावरण बनाना सरकार की मंशा है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति, यहां के रहन सहन, खान-पान को पहचान दिला कर स्वाभिमान को बढ़ावा देने का काम सरकार कर रही है। पुरखो के बनाये परम्परा को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 30 हजार शिक्षक भर्ती हुई है। प्रदेश में 23 कृषि महाविद्यालय खोले जा चुके है। कृषि में क्रांतिकारी परिवर्तन लाना सरकार की सोच है। कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार का पूरा फोकस किसान और किसानी को बढ़ावा देना है। कृषि को उन्नत तकनीक से क्षेत्र के साथ प्रदेश के किसानों को लाभान्वित करने में यह महाविद्यालय सहायक होगी। कार्यक्रम को शिक्षा विद सैयद फाजिल ने भी सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों ने महाविद्यालय परिसर में लगे कृषि विभाग के प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। पांच करोड़ रुपए की लागत से बना है कृषि महाविद्यालय- संत विनोबा भावे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र मर्रा (पाटन) को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लगभग 87 एकड़ भूमि आबंटित की गई है जिसके अंतर्गत कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान हेतु नवीन महाविद्यालय भवन जो कि समस्त शैक्षणिक सुविधाओं से सुसज्जित है एवं 3730 वर्गमीटर में विस्तारित है, जिसकी लागत लगभग 5 करोड़ 25 लाख रूपये है। यहां पर कृषि, शिक्षा एवं अनुसंधान कार्य हेतु स्मार्ट क्लास रूम, सम्मुनत प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, खेलकूद एवं एन.एस.एस., पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति आदि की सुविधाएं विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही है। कालेज कैम्पस पूर्णतः वाई-फाई एवं इंटरनेट से जुड़ा हुआ है। विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में अनुसंधान हेतु 72 एकड़ में कृषि प्रक्षेत्र का विकास किया गया है, जहां हाइटेक नर्सरी का निर्माण किया गया है। जिसकी लागत लगभग 1 करोड़ रूपये की है जो कि लगभग 15 एकड़ क्षेत्र में विस्तारित है। हाइटेक नर्सरी में विभिन्न प्रकार के फलों एवं सब्जियों तथा फूलों का पौधा तैयार करके कृषकों को वितरण किया जाता है ताकि कृषकगण इनका प्रयोग करके आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। टिशू कल्चर प्रयोगशाला का निर्माण लगभग 2.50 करोड़ की लागत से किया गया है, जहां केला, गन्ना, बांस, गुलाब एवं अन्य पौधों का टिशू कल्चर के माध्यम से विकास कर किसानों का वितरित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ मंडी बोर्ड के सहयोग से बीज भंडार गृह इम्प्लीमेंट शेड एवं कृषक प्रशिक्षण हेतु कृषक विश्राम गृह का निर्माण लगभग 2.37 करोड़ में किया गया है। 200 मेट्रिक टन क्षमता वाले 3 खाद खोदामों का भी निर्माण 32.93 लाख की लागत से किया गया है।

## खास खबर...

### आईटीआई छात्रावास अधीक्षक एवं अधीक्षिका के रिक्त पदों के लिए ऑनलाईन काउंसिलिंग 6 से 9 सितंबर तक

**रायपुर।** राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावास अधीक्षिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु व्यापमं के माध्यम से चयन परीक्षा आयोजित कर परिणाम घोषित कर दिए गए है। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया ऑनलाईन माध्यम से की जाएगी। अभ्यर्थी 6 सितंबर से 9 सितंबर 2023 रात्रि 11.59 बजे तक संचालनालय की वेबसाईट https://cgiti.cgstate.gov.in पर जाकर ऑनलाईन काउंसिलिंग प्रक्रिया में शामिल हो सकते है। अभ्यर्थी ऑनलाईन काउंसिलिंग की विस्तृत प्रक्रिया और कट ऑफ मार्क्स की जानकारी संचालनालय की वेबसाईट पर प्राप्त कर सकते है।

### प्रशिक्षण अधिकारियों के रिक्त पदों के लिए द्वितीय चरण की काउंसिलिंग 6 से 9 सितंबर तक

**रायपुर।** राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण अधिकारियों के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। इस संबंध में संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण अधिकारियों के प्रथम चरण के दस्तावेज सत्यापन उपरांत द्वितीय चरण के काउंसिलिंग की प्रक्रिया ऑनलाईन माध्यम से की जाएगी। अभ्यर्थी 6 सितंबर से 9 सितंबर 2023 रात्रि 11.59 बजे तक वेबसाईट पर जाकर ऑनलाईन काउंसिलिंग प्रक्रिया में शामिल हो सकते है। गौरतलब है कि ऑनलाईन काउंसिलिंग की विस्तृत प्रक्रिया की जानकारी संचालनालय की वेबसाईट https://cgiti.cgstate.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। अभ्यर्थी वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाईन काउंसिलिंग प्रक्रिया में शामिल हो सकते है।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा पर हुआ अमल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अंतर्गत डे-एनयूएलएम के विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करने वाले सामुदायिक संगठकों के मानदेय में 03 हजार रुपए की वृद्धि की गई है।

इस संबंध में छत्तीसगढ़ मंत्रालय (महानदी भवन) नवा रायपुर से जारी आदेश के तहत डे-एनयूएलएम अंतर्गत कार्यरत 208 सामुदायिक संगठकों को पूर्व मानदेय 15 हजार रुपए में 20 प्रतिशत वृद्धि की गई है, जिससे अब उन्हें 3 हजार रूपए अर्थात् 18 हजार रुपए मानदेय दिए जाएंगे।

## निजी एवं सहकारी विक्रेता 'पास मशीन' के द्वारा ही उर्वरक का विक्रय करें: कृषि विभाग

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन कृषि विभाग के निर्देशानुसार राज्य के समस्त जिले के कृषकों को गुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक तथा कीटनाशक दवाई उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि आदान विक्रय केन्द्रों का लगातार निरीक्षण तथा अनियमितता पर कार्यवाही की जा रही है। शासन के निर्देशानुसार अनुदान प्राप्त उर्वरकों का विक्रय पास मशीन के माध्यम से किया जाना अनिवार्य है, पास मशीन से विक्रय पश्चात् ही उर्वरकों का अनुदान निर्माता कंपनी को प्राप्त होता है। इसलिये फुटकर उर्वरक विक्रेता किसी भी परिस्थिति में बिना पास के अनुदान प्राप्त उर्वरकों का विक्रय नही करना चाहिये तथा कृषकों को उर्वरक विक्रय किये बिना भी कतिपय कंपनियों के किसी प्रकार के प्रलोभन में आकर पास से उर्वरक स्कंध नही घटाना चाहिये।

फुटकर उर्वरक विक्रेताओं द्वारा उर्वरकों के बिना वास्तविक बिक्री के फर्जी (फेक) पास सेल करने का प्रयास किया जा सकता है, इसलिये राज्य के समस्त जिले के विभिन्न अनुविभागों में नियुक्त अनुविभागीय कृषि अधिकारी, विकासखंडो में नियुक्त वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं उर्वरक निरीक्षकों को नियमित रूप से उर्वरक विक्रय केन्द्रों की निगरानी करने तथा उर्वरक विक्रय केन्द्रों में उपलब्ध भौतिक स्कंध एवं पास में उपलब्ध स्कंध का मिलान करने तथा दोनो स्कंध में भिन्नता पाये जाने पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत तत्काल कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है। कृषि विभाग ने कृषकों से भी अपील की है कि पास के माध्यम से उर्वरकों का क्रय करें तथा पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें।

## यूट्यूबर विलेज तुलसी में जिला प्रशासन के सहयोग से बना अत्याधुनिक स्टूडियो 'हमर फ्लिक्स'

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** जिले के अनूठे यूट्यूबर गांव तुलसी नेवरा में आज यूट्यूबर युवाओं के समूह में खुशी की लहर दौड़ उठी जब कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे उनके बीच उनके गांव पहुंचे और उनके लिए विशेष स्टूडियों ''हमर फ्लिक्स'' का उद्घाटन किया। यह स्टूडियों जिला प्रशासन और सीएसआर हाईटेक द्वारा बनाया गया है। इस अवसर पर बीइंग छत्तीसगढ़िया यूट्यूब चैनल के क्रिएटर ज्ञानेन्द्र शुक्ला सहित अन्य यूट्यूबर्स ने कलेक्टर को धन्यवाद देते हुए कहा कि जिला प्रशासन की इस सहयोग से हमारे गांव के यूट्यूबर्स को सहयोग मिलेगा और पहले से अच्छी गुणवत्ता की यूट्यूब वीडियों बना सकेंगे। पहले जिस कार्य के लिए हम महानगर जाते थे अब उसे अपने गांव में रहकर ही कर सकेंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ परंपरा-संस्कृति का प्रचार प्रसार अधिक प्रभावी ढंग से कर सकेंगे। कलेक्टर ने यहां के युवाओं द्वारा बनाए गए यूट्यूब वीडियो को देखा और लाइक भी किया।

इस अवसर पर कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि तुलसी गांव एक हमारे जिले ही नही प्रदेश का अनूठा यूट्यूबर विलेज है जहां 40 युवा यूट्यूबर का काम करते हैं जिनके 10 लाख से भी ज्यादा फॉलोवर्स हैं। इनके बनाये वीडियो में 3 करोड़ से ज्यादा व्यू मिले हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है। इस स्टूडियो के माध्यम से यहां के युवाओं के टैलेंट और उनके माध्यम से अन्य युवाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम यहां 15 लाख रूपये की लागत से डिजिटल स्किल सेंटर भी डीएमएफके माध्यम से बनाएंगे, जहां यूट्यूब और सोशल मीडिया से जुड़े युवा डिजिटल मार्केटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, एसईओ जैसे स्किल्स सीख पाएंगे।

गौरतलब है कि तुलसी गांव का हमर फ्लिक्स स्टुडियों यूट्यूबर्स और क्रिएटर्स के लिए आवश्यक उपकरण से लैस है। अत्याधुनिक कैमरे, ड्रोन कैमरे, हाइएंड कंप्यूटर जैसे उपकरण जिला प्रशासन ने उपलब्ध कराए है। शूटिंग के साथ-साथ एडिटिंग के लिए भी सॉफ्टवेयर्स की व्यवस्था की गई है। स्टूडियो में ऑडियो लैब भी बनाया गया है जहां ऑडियो मिक्सर सॉफ्टवेयर और उपकरण से क्रिएटर्स आसानी से ऑडियो रिकॉर्डिंग और मिक्सिंग कर पाएंगे साथ ही पॉडकास्टिंग भी कर पाएंगे। 25 लाख की लागत से इस स्टूडियों को तैयार किया गया है। साथ ही यह आर्टिस्ट एसोसिएशन भी बनाया जाएगा जिसके लिए जिला प्रशासन आर्ट से संबंधित संस्थानों के साथ एमओयू कर युवाओं को डिजिटल क्षेत्र में बेसिक और प्रोफेशनल कौशल सीखा कर उन्हें भविष्य के लिए तैयार कर पाएंगे।

## 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रो में होगी वेबकास्टिंग नेटवर्क की स्थिति का करें परीक्षणः डॉ भुरे

**रायपुर जिले के अंतर्गत बलौदाबाजार विधानसभा के तैयारियों के संबंध में हुई बैठक**

**कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारियों को दिए आवश्यक सुक्षाव एवं निर्देश**

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आगामी विधानसभा के परिपेक्ष्य में बलौदाबाजार विधानसभा के रायपुर जिलें के अंतर्गत चुनाव की तैयारियों के संबंध में बैठक ली। यह बैठक तिल्दा जनपद पंचायत के सभाकक्ष में हुई। कलेक्टर ने कहा कि सभी सेक्टर के निर्वाचन तथा पुलिस अधिकारी अपने मतदान केन्द्रों का दौरा करें और पेयजल महिला-पुरूष शौचालय सहित अन्य आधारभूत व्यवस्थाएं का इंतजाम पूर्ण करें। यह देखे की किसी मतदान केन्द्र में पिछले चुनाव के समय में किसी प्रकार की गड़बड़ी या अशांति की स्थिति निर्मित ना हुई हो। उन्होंने कहा कि मतदान के समय 50 प्रतिशत मतदान केन्द्र में वेबकास्टिंग किया जाएगा जिसके माध्यम से रायपुर और दिल्ली से मतदान प्रक्रिया पर नजर रखी जाएगी। संबंधित मतदान केन्द्रों में नेटवर्क की स्थिति का परीक्षण कर चिन्हित कर लें।

डॉ भुरे ने कहा कि सभी सेक्टर ऑफिसर ईवीएम मशीन की संचालन की स्थिति और प्रक्रिया का अच्छी तरह परीक्षण कर लें। ताकि मतदान के समय में कोई भी ईवीएम के कारण कोई बाधा ना आए। सभी सेक्टर अधिकारी अपने मतदान दल के सदस्यों का नम्बर अपने पास रखें और मोबाईल हर स्थिति में चालु रखें ताकि आपसी संपर्क बना रहे। उन्होंने कहा कि मतदान के एक दिन पहले देर शाम या रात को अपने सेक्टर के मतदान दलों से जाकर मुलाकात करें जिससे उनका मनोबल बढ़ेगा और अध्यतन स्थिति से अवगत हो सकेंगे।

कलेक्टर ने निर्बाध और सुचारू मतदान के लिए सुक्षाव देते हुए कहा कि मतदान शुरू होने से पहले अपने एरिया के सेक्टर ऑफिसर अपने मतदान केन्द्र में पहले और मॉकपोलिंग करवा लें। यह प्रकिया जितनी अच्छी होगी मतदान का कार्य भी उतना अच्छा होगा। डॉ भुरे ने कहा कि यह भी यह भी अच्छी तरह से सुनिश्चित करें कि सभी मतदान केन्द्रों में मॉकपोलिंग डिलीट हो जाए। उन्होंने कहा कि यह भी ध्यान रखें की रिजर्व ईवीएम सुरक्षित स्थान और सुरक्षा बलों के दायरे में रहे। बैठक में सभी सेक्टर अधिकारियों ने कलेक्टर को अपने मतदान केन्द्रो की जानकारी दी। इस अवसर पर एसडीएम प्रकाश टंडन सहित अन्य सेक्टर एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 773.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2023 से अब तक राज्य में 773.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2023 से 05 सितम्बर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1352.7 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 349.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 661.3 मिमी, बलरामपुर में 712.4 मिमी, जशपुर में 632.3 मिमी, कोरिया में 717.9 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 724.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 885.7 मिमी, बलौदाबाजार में 782.9 मिमी, गरियाबंद में 684.6 मिमी, महासमुंद में 804.6 मिमी, धमतरी में 744.0 मिमी, बिलासपुर में 801.3 मिमी, मुंगेली में 941.1 मिमी, रायगढ़ में 888.0 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 702.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 666.4 मिमी, सक्ती में 671.9 मिमी, कोरबा में 751.0 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 768.3 मिमी, दुर्ग में 636.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 604.9 मिमी, राजनांदगांव में 866.6 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 985.6 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 796.2 मिमी, बालोद में 812.3 मिमी, बेमेतरा में 625.4 मिमी, बस्तर में 813.0 मिमी, कोण्डागांव में 723.2 मिमी, कांकेर में 742.5 मिमी, नारायणपुर में 733.9 मिमी, दंतेवाड़ा में 877.0 मिमी और सुकमा में 1148.3 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

















# ऑफिस में लगी है हल्की सी भूख तो चिप्स या कुकीज से बनाएं दूरी, चुनें ये हल्दी ऑप्शंस

## माइंड रहेगा एक्टिव मन रहेगा फ्रेश

आज-कल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अक्सर खुद का ख्याल रखना भूल जाते हैं। वो 10 से 12 घंटे ऑफिस में गुजार देते हैं और काम के दौरान खाने-पीने का बिल्कुल ध्यान भी नहीं रख पाते। ऐसे में गलत ईटिंग हैबिट्स की वजह से शरीर में न्यूट्रिशन की कमी होने लग जाती है। गुजरते वक्त के साथ ये आदत आपको बहुत नुकसान पहुंचा सकती है। तो आप जब आपको ऑफिस में भूख लगे तो चिप्स, कुकीज या कोल्डड्रिंक की बजाय ये हेल्दी फूड अपने ऑफिस रूटीन में शामिल करें। आप रहेंगे सेट और हल्दी और पूरा दिन आपका दिमाग रहेगा एक्टिव और फुल ऑफ एनर्जी।



### बादाम

जब खाने के लिए हेल्दी ऑप्शंस की तलाश की जाती है, तो बादाम चार्ट में सबसे ऊपर आते हैं। हेल्दी फैट और एसेंशियल न्यूट्रिएंट्स से भरपूर, बादाम फोकस बढ़ाने में मदद करते हैं। बादाम में मौजूद प्रोटीन बिना थकान महसूस कराए भूख को कम करने में भी मदद करता है।

### केले

एक केला हमारे शरीर को पूरे दिन एक्टिव और प्रोडक्टिव बने रहने के लिए एसेंशियल ग्लूकोज की पूरे दिन पूर्ती से करता है। केला फोकस रहने के लिए एनर्जी देता है और इसमें मौजूद कार्ब्स लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस कराते हैं।

### सेब

कॉफी की तुलना में सेब एनर्जी का ज्यादा इफेक्टिव सोर्स है। एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर सेब में शुगर भी बहुत कम होती है। सेब एनर्जी और प्रोटीन का आइडियल कॉम्बिनेशन है जो न केवल आपको सैटिस्फैक्शन देता है बल्कि आपको एक्टिव और शार्प बनाए रखने में भी मदद करता है।


### मखाना

मखाना या फॉक्स नट्स एक आइडियल स्नैक हैं क्योंकि इनमें गुड फैट होता है और लो सेचुरेटेड फैट कम होता है। डाइबिटीज और हार्ट डिसीज से पीड़ित लोगों के लिए भी सुरक्षित, फॉक्स नट्स हाई पोटेशियम और कम सोडियम का एक बेहतरीन कॉम्बिनेशन है। मखाने स्वाद में बेहतरीन होते हैं और इसमें मसाले मिलाकर इसे और भी टेस्टी बनाया जा सकता है।

### सोया नट्स

कुरकुरे और स्वादिष्ट, सोया नट्स सूखे सोयाबीन से बनाए जाते हैं। ये मंचीस फाइबर, प्लांट प्रोटीन और कई अन्य पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। सोया नट्स खा कर आसानी से वजन घटाया जा सकता है और दिल का ख्याल रखने के साथ-साथ हड्डियों को मजबूत करने में मदद मिलती है। इसकी मंचिंग के अलावा आप इसे क्रंच के लिए सलाद या फिर बेक किए हुए डिश में मिला सकते हैं।

# दिनभर कंफ्यूज रहना भी एक तरह की बीमारी, जानें क्या है एडीएचडी



बहुत से लोगों को आपने देखा होगा, जो दिनभर कंफ्यूज रहते हैं। किसी फैसले को लेने में उन्हें काफी वक्त लग जाता है। ऐसे लोग एक बड़ी समस्या की चपेट में हो सकते हैं, जिसे एडल्ट अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी (एडीएचडी) कहते हैं। कई स्टडीज के मुताबिक, भारत में करीब 1.6 प्रतिशत से 12.2 प्रतिशत तक बच्चों में एडीएचडी की प्रॉब्लमस पाई जाती है। आइए जानते हैं क्या है ये समस्या और यह कितनी गंभीर हो सकती है।।।

### एडीएचडी क्या है?

अटेंशन डिफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर एक तरह से मेंटल डिसऑर्डर है। इसकी चपेट में आने पर कई समस्याएं लगातार देखने को मिलती हैं। यह एक तरह का न्यूरोडेवलपमेंटल डिसॉर्डर है, जो ब्रेन और नर्वस सिस्टम के डेवलपमेंट को प्रभावित करता है। इसकी वजह से ब्रेन के अलग-अलग हिस्से एक-दूसरे से संपर्क में नहीं आ पाते और उनके दिमाग की सम्पर्क नहीं कर पाते है, जिसके चलते दिमाग का काम प्रभावित होता है।

### एडल्ट डिफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर क्यों कहते हैं

इस डिसऑर्डर की परेशानी वाले लोग एक जगह ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते और ना ही एक जगह बैठे रह पाते हैं। ज्यादातर यह परेशानी बच्चों में देखने को मिलती है। हालांकि, कभी-कभी एडल्ट में भी यह समस्या देखी जाती है, जिसे एडल्ट एडीएचडी (एडल्ट एडीएचडी) कहा जाता है। एडीएचडी की वजह से बच्चों को कुछ भी सिखाना काफी मुश्किल होता है।

### एडीएचडी के क्या लक्षण होते हैं

- किसी चीज पर फोकस करने में परेशानी
- गुस्सा, चिड़चिड़ापन, बेचौनी
- गर्म मिजाज होना
- किसी भी चीज की समस्या को पहले देखना
- टाइम मैनेजमेंट सही न होना
- मल्टीटास्किंग
- किसी भी प्लानिंग में परेशानी
- बार-बार मूड का बदलना
- किसी काम को पूरा करने को ही भूल जाना
- आसानी से विचलित हो जाना
- बैठने में समस्या होना

### एडीएचडी के क्या कारण होते हैं

- जेनेटिक यानी अनुवांशिक
- खानपान के सही न होने से
- धूम्रपान, एल्कोहॉल का ज्यादा सेवन


### एडीएचडी का इलाज क्या है

- टॉकिंग थेरेपी
- रेगुलर एक्टिविटी पर फोकस करें
- डेली रूटीन की लिस्ट पहले ही बना लें।
- बच्चे की पसंद को समझें
- क्रिएटिव काम कराएं।
- काउंसलिंग कराएं।

# सनी देओल की फिल्म मां तुझे सलाम के सीक्वल का ऐलान

सनी देओल इन दिनों गदर 2 की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद बॉलीवुड के सबसे सफल अभिनेताओं की सूची में शुमार हो गए हैं। फिल्म ने पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस में तहलका मचा दिया है। नतीजतन अभिनेता की 90 और 2000 के दशक की लोकप्रिय फिल्में एक बार फिर से चर्चा में आ गई हैं। इस सबके बीच अब 2002 में टीनू वर्मा के निर्देशन में बनी सनी की फिल्म मां तुझे सलाम के सीक्वल का ऐलान हो गया।

रिपोर्ट के अनुसार, ट्रेड एनालिस्ट अतुल मोहन ने मां तुझे सलाम 2 का पोस्टर साझा किया है। पोस्टर में फिल्म के नाम के साथ भारत का तिरंगा लहरा रहा है और लिखा है, दूध मांगोगे तो खीर देंगे, कश्मीर मांगोगे तो लाहौर भी छीन लेंगे।मालूम हो कि पहले के पहले भाग में सनी का डायलॉग था, जिसमें वह कहते हैं, दूध मांगोगे तो खीर देंगे, कश्मीर मांगोगे तो चीर देंगे। इस बार डायलॉग में थोड़ा बदलाव हुआ है। मां तुझे सलाम में सनी, अरबाज खान, तब्बू, ओम पुरी, सुदेश बेरी, इंदर कुमार और टीनू वर्मा नजर आए थे। हालांकि, सीक्वल में नजर आने वाले सितारों के बारे में अभी जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन उम्मीद है कि पहले भाग की तरह सनी इसका हिस्सा होंगे। इसके अलावा पोस्टर में केवल निर्माता महेंद्र धारीवाल का नाम लिखा है।



# मंजरी फडनीस ने जाने 'तू या जाने ना' की शूटिंग के यादगार पल किए साझा

**एक्ट्रेस मंजरी फडनीस, जो आने वाली रोमांटिक कॉमेडी जाने तू...या जाने ना में अपने अभिनय के लिए जानी जाती हैं, ने उन पलों के बारे में बात की, जो रिलीज के 15 साल बाद भी उनकी पुरानी यादों को ताजा कर देते हैं।**

अब्बास टायरवाला द्वारा निर्देशित 2008 की फिल्म जाने तू... या जाने ना में इमरान खान और जेनेलिया डिसूजा लीड रोल में हैं। इसमें प्रतीक बब्बर, मंजरी, रत्ना पाठक, नसीरुद्दीन शाह, सोहेल खान, अरबाज खान और परेश रावल भी अहम भूमिका में हैं।

मंजरी ने मेघना का किरदार निभाया, जो जय (इमरान) की गर्लफ्रेंड थी। हाल ही में, फिल्म ने रिलीज के 15 साल पूरे किए और 39 वर्षीय एक्ट्रेस ने शूटिंग से जुड़े पलों को याद किया। जब मंजरी से पूछा गया कि उन्हें अभी भी फिल्म के बारे में क्या याद आता है, तो उन्होंने बताया, साउथ बॉम्बे की खाली सड़कों पर चलना। मुझे लगता है कि यही एकमात्र मौका था जब मैंने इसे इतना शांत और इतना विचित्र देखा था, यह इतना अद्भुत था। मुझे लगता है कि यह मुझे पुरानी यादों में खो देता है।

उन्होंने कहा, कभी-कभी जब मैं साउथ बॉम्बे पार कर रही होती हूं, तो मुझे पुरानी यादों का एहसास होता है, और मैं बस आधी रात में सड़कों पर चलना चाहती हूं। क्योंकि फिल्म में मेरा एक सीन सड़क पर चलने वाला था, जिसमें वह इमरान से बात करती हूं। वह वास्तव में मेरे लिए यादगार था। उन्होंने आगे कहा, इगतपुरी में पूरी शूटिंग, जहां हमने नजरें मिलाना गाना शूट किया था, वह कुछ खास था। और निश्चित रूप से पंचगनी में पूरी वर्कशॉप हमारे लिए एक और अद्भुत जुड़ाव वाली जगह थी। वर्तमान में, मंजरी नीरज पांडे द्वारा निर्मित और लिखित दिलचस्प थ्रिलर सीरीज द फ्रीलांसर में नजर आ रही हैं। वह मृणाल कामथ की भूमिका निभा रही हैं। शो में मोहित रैना, अनुपम खेर, कश्मीरा परदेशी और नवनीत मलिक भी हैं। यह डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग हो रही है।

# करीना कपूर ने ओटीटी पर दी दस्तक, रिलीज हुआ फिल्म 'जाने जान' का ट्रेलर

करीना कपूर ने कई शानदार फिल्मों में काम किया है। हालांकि, उनकी पिछली फिल्म लाल सिंह चड्ढा बॉक्स ऑफिस पर फेल हो गई। बहरहाल, अब करीना फिल्म जाने जान से ओटीटी पर कदम रख रही हैं और पिछले कुछ दिनों से लगातार इसे लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। कुछ दिनों पहले उन्होंने अपनी इस फिल्म का नया पोस्टर सोशल मीडिया पर प्रशंसकों के साथ साझा किया था और अब उन्होंने फिल्म का ट्रेलर दर्शकों के बीच पेश किया है।

ट्रेलर रोमांच से लबरेज है। इसे देख लगता है कि एक बेहतरीन क्राइम थ्रिलर फिल्म की सौगात दर्शकों को मिलने वाली है। करीना का गंभीर और आक्रामक अवतार फिल्म की रिलीज को लेकर उत्सुकता जगाता है, वहीं अभिनता जयदीप अहलावत ने भी ट्रेलर में आकर्षित किया है। कभी न देखे गए अवतार में नजर आ रहे जयदीप ने फिल्म में जान डाल दी है। ट्रेलर में विजय वर्मा के साथ करीना के रोमांस की झलक भी देखने को मिली है।

इस फिल्म के निर्देशन की कमान सुजॉय घोष ने संभाली है। यह पहला मौका है, जब किसी फिल्म के लिए करीना, जयदीप और विजय की तिकड़ी साथ आई है। फिल्म के प्रोडक्शन का काम एकता कपूर ने संभाला है। यह जापानी लेखक हिगाशिनो कीगो के 2005 के सबसे ज्यादा बिकने वाले उपन्यास द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स का रूपांतरण है।जाने जान करीना के जन्मदिन यानी 21 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर आएगी। इस साल बॉलीवुड के कई सितारों ने ओटीटी पर कदम रखा है। सोनाक्षी सिन्हा ने वेब सीरीज दहाड़ से अपनी शुरुआत की है तो राजकुमार राव ने गन्स एंड गुलाब्स से ओटीटी का रुख किया है। आदित्य रॉय कपूर वेब सीरीज द नाइट मैनेजर लेकर आए तो शाहिद कपूर की पहली वेब सीरीज फर्जी रिलीज हुई। अब जहां सिद्धार्थ मल्होत्रा की पहली वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स आने वाली है, वहीं वरुण धवन सिटाडेल लेकर आ रहे हैं। करीना निर्देशक हंसल मेहता की अगली फिल्म में काम कर रही हैं। वह इसमें एक पुलिसकर्मी की भूमिका में नजर आने वाली हैं। इसमें उनका अवतार उनकी पिछली फिल्मों से बिल्कुल जुदा होगा। इसकी कहानी पुलिस के इर्द-गिर्द बुनी गई है।करीना, एकता कपूर की फिल्म द क्रू में भी दिखेंगी। इसमें उनके साथ तब्बू और कृति सैनन हैं। इसके अलावा सिंघम अगेन करीना के खाते से जुड़ी है। वीरे दी वेडिंग के सीक्वल में भी करीना नजर आएंगी।

# ऑफ शोल्डर गाउन पहन मलाइका अरोड़ा दिखीं सुपरहॉट, तस्वीरें इंटरनेट पर काट रहीं बवाल



बॉलीवुड की फिटनेस क्वीन मलाइका अरोड़ा आए दिन अपनी हॉटनेस और बोल्ड फिगर से फैंस को हैरान कर देती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनके हर एक लुक की तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट स्टाइलिश आउटफिट में हॉट फोटोशूट करवाया है, जिसमें वो काफी गॉर्जियस लग रही हैं। बॉलीवुड के हैंडसम हंक एक्टर अर्जुन कपूर की गर्लफ्रेंड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा आए दिन अपने लुक्स को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चाएं बटौरती रहती हैं। उनकी हर एक फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपनी लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट फैंस के बीच शेयर किया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा का सेक्सी आउटफिट देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी तारीफ करते हुए नजर आ रहे हैं। मलाइका अरोड़ा ने व्हाइट कलर की ऑफ शोल्डर बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। मिनिमल मेकअप, बालों का बन बनाकर और कानों में इयररिंग्स पहनकर एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस अपनी इन तस्वीरों को क्लिक करवाते हुए कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सिजलिंग पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं। बताते चलें कि मलाइका अरोड़ा 49 साल की हैं। लेकिन आज भी अपनी फिटनेस से स्टार किड्स को मात देती हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### कलेक्टर ने घुमंतू मवेशियों को कांजी हाउस में विस्थापित करने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डोमन सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला पंचायत, कृषि, उद्यानिकी, पशु चिकित्सा, मत्स्य एवं अन्य संबंधित विभागों की संयुक्त बैठक लेकर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि भरोसे का सम्मेलन ग्राम ठेकवा में 8 सितम्बर को आयोजित होगा। उन्होंने सभी विभागों को भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम की आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने खरीफ फसल के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। यदि कोई समस्या आती है, उसे शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि नगरीय निकायों के घुमंतू मवेशियों को कांजी हाउस में विस्थापित करने के लिए शेड लगाया जा रहा है। जिसमें 300 से अधिक घुमंतू मवेशियों को रखा जा सकता है। उन्होंने मवेशियों को कांजी हाउस में विस्थापित करने एवं रेडियम बेल्ट, टैगिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नगरीय निकायों के कांजी हाउस में शेड लगाने के कार्य को शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिन्हांकित गौठान एवं सभी स्वावलंबी गौठानों में ट्रेविस लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने जिला पशु चिकित्सालय राजनांदगांव में ऑपरेशन कक्ष बनाने के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने गौठानों में लगाए गए नेपियर घास के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए महिला समूह द्वारा समीप के गौठानों में पोषण वाटिका के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पोषण वाटिका की सब्जियों का उपयोग आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्कूलों के मध्यान्ह भोजन में किया जाएगा। उन्होंने पोषण वाटिका में सब्जी उत्पादन करने के लिए नि:शुल्क बीज उपलब्ध कराने उद्यानिकी एवं कृषि विभाग को निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार ने बताया कि 11 सितम्बर से 16 सितम्बर तक जिले के सभी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएगा।

### यात्री ट्रेनें रद्द किए जाने के खिलाफ कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में रेल रोकने का किया ऐलान

**रायपुर।** यात्री ट्रेनों को बार-बार रद्द किए जाने के कारण छत्तीसगढ़ के रेल यात्री परेशान हैं। कांग्रेस ने अब इसके खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान कर दिया है। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि नरेन्द्र मोदी की सरकार देश की सबसे विश्वसनीय यात्री सेवा रेलवे सुविधा को समाप्त करने का साजिश रच रही है। वर्षों से भारतीय रेलवे आम जनता का भरोसेमंद, सस्ता और सुलभ परिवहन का पर्याय हुआ करता था जिसे मोदी राज में रेलवे की विश्वसनीयता को खत्म करके निजी हाथों में बेचने का षडयंत्र रचा जा रहा है। बिना कोई कारण बताये, बिना किसी ठोस वजह के यात्री ट्रेनों को अचानक रद्द कर दिया जाता है। रेलवे द्वारा यात्री ट्रेनों को महीनों, हफ्तों तक बंद करने का फरमान जारी कर दिया जाता है। महीनों पहले यात्रा की योजना बना कर रिजर्वेशन कराने वाले नागरिकों की परेशानी से रेलवे को और केंद्र सरकार कोई मतलब नहीं रहता है। रेलवे यात्रियों के लिये कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करती है। देश की आजादी के बाद ऐसी स्थिति केवल मोदी सरकार में आई है। जहां रेलवे की यात्री सुविधाएं इतनी ज्यादा खस्ताहाल हो गयी है। कांग्रेस पार्टी ने प्रेसवार्ता में बताया कि आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते साढ़े तीन साल में 67382 ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया।

### महिला एवं बाल विकास मंत्री ने किया डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

**बालोद।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया ने अपने प्रवास कार्यक्रम के दौरान डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर अनेक विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसके अंतर्गत उन्होंने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम नारगी में नाली निर्माण, ग्राम बर्रापारा संजारी में सामुदायिक भवन निर्माण, ग्राम आलीवारा में मुक्तिधाम, संबलपुर में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भेंट मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा आम लोगों की समस्याओं का निराकरण करने हेतु आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया ने ग्रामीणों एवं आम जनता के मांग के अनुरूप डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों को समृद्ध बनाने हेतु हर तरह से जरूरी उपाय सुनिश्चित कर रही है। हमारी सरकार ने किसानों का कर्ज माफकर किसानों को कर्ज की बोझ से मुक्ति दिलाने एवं उन्हें समृद्ध बनाने का कार्य किया है।

# शिक्षकों के संकल्प और समर्पण से राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित- राज्यपाल

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। शिक्षक दिवस के अवसर पर आज राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उत्कृष्ट शिक्षकों को राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि हमारे शिक्षकों का संकल्प और समर्पण छत्तीसगढ़ राज्य को शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करने में मद्दगार सिद्ध हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि राष्ट्र और समाज के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।**



राजभवन के दरबार हॉल में शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे चार उत्कृष्ट शिक्षकों रायपुर जिले की ममता अहार प्रधानपाठिका को डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्मृति पुरस्कार, कोण्डागांव जिले की श्रीमती मधु तिवारी प्रधान अध्यापिका को डॉ. मुकुटधर पाण्डेय स्मृति पुरस्कार, रायगढ़ जिले की श्रीमती राश्मि वर्मा व्याख्याता को डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र स्मृति पुरस्कार और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले की इंदिरा चंद्रवंशी शिक्षक एल.बी. को श्री गजानन माधव मुक्तिबोध स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी तरह प्रधान पाठक व्याख्याता, उच्च क्षेणी शिक्षक, शिक्षक, शिक्षक एल. बी. तथा सहायक शिक्षक एल. बी., वर्ग के 48 उत्कृष्ट शिक्षकों को वर्ष 2022-23 के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस गरिमामय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल हरिचंदन ने कहा कि शिक्षकों का महत्वपूर्ण कार्य विद्यार्थियों को केवल ज्ञान देना नही होता, बल्कि उन्हें नैतिक मूल्यों, सही दिशा में चलने की क्षमता और समृद्धि की दिशा में मार्गदर्शन करना भी होता है। हमारे बीच उपस्थित शिक्षकों ने इस कठिन मार्ग पर चलते हुए न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि समाज में भी सदाचार और सच्चाई की महत्वपूर्ण बातें सिखाई हैं। उन्होंने शिक्षा को एक नई दिशा की ओर ले जाने के लिए नवाचार किया है। श्री हरिचंदन ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का स्मरण किया जिनकी जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। गुरू रविन्द्रनाथ टैगोर, श्री अरविन्दो जैसे महान शिक्षाविदो का जिक्र किया जिन्होनें शिक्षकों के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। श्री हरिचंदन ने कहा कि शिक्षकों से कहा कि आपका यह संघर्ष और मेहनत अनमोल है। आपने कई बार कठिनाइयों का सामना किया होगा, परंतु आपकी निष्ठा और प्रतिबद्धता ने उन सभी समस्याओं को पार करने में सफलता दिलाई है। हम सबके लिए आपका यह समर्पण एक प्रेरणा स्त्रोत है। राज्यपाल ने सभी पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि इन शिक्षकों ने छत्तीसगढ़ की समृद्धि और सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में अपना योगदान दिया है और हम सभी को इस बात का गर्व है कि हमारे राज्य में ऐसे समर्पित और प्रेरणास्त्रोत शिक्षक हैं। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा में रचनात्मकता को बढ़ावा दिया जाय तथा शिक्षकों को रचनात्मक शिक्षण विधि से पढ़ाने के लिए सशक्त बनाया जाना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्र और समाज के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज हम जिस जगह पर खड़े है वहां तक पहुंचाने में हमारे गुरूओं का योगदान है। भारत के चंद्रयान को चंद्रमा तक पहुंचाने के लिए वैज्ञानिकों ने जो सफलता हासिल की है, उसमे भी उनके गुरूओं का बड़ा योगदान है। श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश, जिला, ब्लाक से लेकर स्कूलों तक शिक्षा का वातावरण तैयार करना सबसे जरूरी है। शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यो से शिक्षा का वातावरण राज्य में बना जिसकी चर्चा पूरे देश में है। प्रदेश सरकार द्वारा 30 हजार से ज्यादा शिक्षकों की नियुक्ति तथा स्कूलों का जीर्णोद्धार, साफ-सफाई एवं सौंदर्यकरण के लिए 1 हजार 37 करोड़ रूपये स्वीकृत किया गया और इसके लिए आगे भी राशि की कमी नहीं होगी। श्री बघेल ने कहा कि राज्य में बड़ी संख्या में शिक्षकों की भर्ती, नियमित परीक्षा का आयोजन तथा कोरोनाकाल में राज्य की शिक्षण व्यवस्था की राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा हुई।

## राष्ट्रपति द्वारा आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य डॉ. बृजेश पाण्डेय को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित



श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा आज 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित गरिमामय समारोह में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल ब्रम्हपारा अम्बिकापुर के प्राचार्य डॉ. पाण्डेय को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया। राष्ट्रपति द्वारा समारोह में 75 चयनित शिक्षकों को वर्ष 2023 के राष्ट्रपति पुरस्कार प्रदान किए गए। सरगुजा जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के प्राचार्य डॉ. बृजेश पाण्डेय को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर यह पुरस्कार प्राप्त हुआ।

राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्राचार्य डॉ. बृजेश पाण्डेय ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और स्कूल शिक्षा मंत्री श्री रविन्द्र चौबे के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की स्थापना की गई है। इन विद्यालयों के माध्यम से छत्तीसगढ़ में गरीब परिवारों के बच्चे भी अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में स्वामी आत्मानंद स्कूलों की संख्या भी दिनों-दिन बढ़ रही है और अभिभावकों में इन स्कूलों के प्रति विश्वास बढ़ा है। जिसका परिणाम इन स्कूलों में निर्धारित सीट से कई गुना बच्चे प्रवेश पाने के लिए आ रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए चयनित डॉ. बृजेश पाण्डेय ने विज्ञान के प्रति अभिरूचि जगाने के साथ बाल वैज्ञानिकों को आगे बढ़ाने में अहम योगदान दिया। उनके दिशा-निर्देशन में कई बाल वैज्ञानिकों का मॉडल राष्ट्रीय स्तर में प्रदर्शित हो चुका है। डॉ. पाण्डेय वर्ष 2018 में राज्यपाल पुरस्कार से भी सम्मानित हो चुके है।

## महिला चेतना सम्मेलन में बालोद जिला की महिलाओं को मिला सम्मान

श्रीकंचपनथ न्यूज

**दल्लीराजहरा।** बालोद जिला की महिला रामायण मंडली,व समाज के क्षेत्र में कार्य करने वाली महिला समितियों को राजनांदगांव शहर में आयोजित विभाग स्तरीय महिला चेतना सम्मेलन में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शहर के गायत्री स्कूल सभागार में आयोजित इस सम्मेलन में संघ परिवार की महिला समन्वय समिति की काफी संख्या में बहनें शामिल हुई इस चेतना सम्मेलन में बालोद जिला के दल्लीराजहरा,गुरुर, गुंडरदेही,बालोद ,डौंडीलोहारा से महिला समिति के सदस्य राजनांदगांव विभाग की सह संयोजिका सत्या साहू व जिला अध्यक्ष संगीता देवांगन के नेतृत्व में शामिल हुई। सम्मेलन में डौंडीलोहारा विकासखण्ड के अरजपुरी, खैरकट्टा की महिला समिति को वनांचल क्षेत्रों में स्वछता व सामाजिक सुधारों के लिए काम करने पर सम्मानित किया गया वहीं बालोद की श्रीमती रोहणी साहू व दल्ली राजहरा की नन्दा पसीने, उषा साहू को समाज मे उत्कृष्ट कार्य व आत्मनिर्भर स्वावलंबन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए सम्मान मिला। अवसर पर मुख्य वक्ता रश्मि द्विवेदी व डाक्टर वर्णिका शर्मा बिलासपुर, ने बहनों को महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए भारतीय विचारधारा के साथ आत्म निर्भर स्वालंबन नारी सुरक्षा आत्म सम्मान की दिशा मे कार्य व भारत के विकास मे महिलाओं की भूमिका विषय पर प्रकाश डाला मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी श्रीमती अमिता मूंदड़ा व ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य संचालिका बी के पुष्पा बहन ने बहनो की एकजुटता व उत्साह की सराहना करते हूए इस राष्ट्रवादी विचारधारा को लेकर कार्य करने वाली महिला समन्वय के प्रति आशीर्वचन व्यक्त की विशिष्ट अतिथि में श्रीमती रत्ना ओस्तवाल ,कंचन चौबे ,कमलिनी गुप्ता समाज सेवी पुलिस अधिकारी हेमा साहू ,पदमश्री तंवर नेहा वर्मा की गरिमामय उपस्थिति रही । इस कार्यक्रम में गायत्री विधापीठ राजनादगांव मे आयोजित मातृ शक्ति चेतना सम्मेलन मे बहनों ने विविध कार्यक्रम मे उत्साह से भाग लिया सांस्कृतिक व कृति बख्शी आस्था मूक बधिर के बच्चों की टीम गायत्री विधापीठ की छात्राएं बजरंगपुर नवांगांव की बालिका छत्तीसगढ़ नृत्य छुईखदान की महिला भजन मंडली सहित अन्य कलाकारों ने समा बांधा।

# खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने सीतापुर कॉलेज में ऑडिटोरियम का किया भूमिपूजन

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने सरगुजा जिले के सीतापुर कॉलेज में ऑडिटोरियम भवन का भूमिपूजन किया। इस दौरान मंत्री भगत ने महाविद्यालय में निर्मित 6 नवीन अतिरिक्त कक्ष का उद्घाटन भी किया। शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक सुविधा देने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा निरंतर काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में ऑडिटोरियम का भूमिपूजन और अतिरिक्त कक्ष का उद्घाटन किया गया।**



यह कार्यक्रम शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री श्री भगत द्वारा इस अवसर पर 2.20 करोड़ की लागत से बनने वाले ऑडिटोरियम का भूमिपूजन किया गया है। इसके साथ ही लगभग एक करोड़ की लागत से निर्मित 06 अतिरिक्त कक्ष का फीता काट कर उद्घाटन किया।

### 65 शिक्षक शिक्षिकाओं को शॉल श्रीफल, प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर किया सम्मानित

शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मंत्री श्री भगत ने शिक्षकों के बहुमूल्य योगदान को याद करते हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षक का व्यक्ति के जीवन में बेहद प्रभाव होता है। शिक्षक के ज्ञान से ही व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है।

उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और बेहतर भविष्य गढ़ने में हमारे शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने इस अवसर पर 65 शिक्षक-शिक्षिकाओं का शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने भी सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को बेहतर अध्यापन हेतु प्रोत्साहित करते हुए शिक्षक दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इसके साथ ही मंत्री श्री भगत ने केरजु में पुलिस सहायता केंद्र का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिले के एसपी श्री सुनील शर्मा एवं बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का हुआ समापन

श्रीकंचपनथ न्यूज

**बलरामपुर ।** दो दिवसीय जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आज स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय बलरामपुर के खेल मैदान में समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव एवं सामरी विधायक श्री चिंतामणि महाराज ने उपस्थित खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। संसदीय सचिव ने खिलाड़ियों के साथ जमीन पर बैठकर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में खेले जा रहे 16 खेलों का आनंद लिया।



इस अवसर पर संसदीय सचिव व सामरी विधायक श्री महाराज ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को पुन: स्थापित करने व खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के माध्यम से हमारे पारंपरिक खेल जो विलुप्त होते जा रहे थे उन खेलों को सहेजने-संवारने का काम छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ ही आधुनिकता के इस युग में क्रिकेट और फुटबॉल जैसे खेलों के मध्य लुप्त हो रहे हमारे पारंपरिक खेलों को युवा पीढ़ी से अवगत भी कराया जा रहा है। संसदीय सचिव श्री महाराज ने मैदान में उपस्थित सभी खिलाड़ियों का हौसला अफ्जाई करते हुए कहा कि प्रत्येक आयु वर्ग के लोगों ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में जिस प्रकार बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है और उत्साहपूर्वक अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया है, निश्चित तौर पर राज्य स्तर पर विजयी होकर जिले का नाम रौशन करेंगे।

खेल मैदान में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने कहा कि हरेली तिहार के दिन से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरूआत की गई है। 06 चरणों में आयोजित होने वाले इस ओलंपिक में प्रतिभागी बड़े ही उत्साह के साथ ग्राम पंचायत, विकासखण्ड एवं नगरीय स्तर पर विजयी होकर दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 16 खेल विधाओं में लगभग 01 हजार खिलाडियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने उत्कृष्ठ खेल का परिचय दिया है। कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तर से विजयी प्रतिभागी आगे संभाग और राज्य स्तर पर जाएंगे और निश्चित ही विजयी होंगे और यह हमारे जिले के लिए गौरव का क्षण होगा।

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में कलेक्टर एवं संसदीय सचिव ने विकासखण्ड व नगरीय कलस्टर के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार राशि प्रदान किया। विकासखण्ड व नगरीय क्लस्टर स्तर प्रथम आने वाले विजेता खिलाड़ियों को 01 हजार रूपए, द्वितीय 750 रूपए एवं तृतीय स्थान आने पर 500 रूपए की पुरस्कार राशि एवं जिला स्तर पर प्रथम आने वाले विजेता प्रतिभागियों को 02 हजार रूपए की राशि, द्वितीय 1500 रूपए और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडियों को 01 हजार रूपए की राशि प्रदान की गई।

### साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन

**महासमुंद।** साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत जिला पंचायत महासमुंद में साक्षरता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एस आलोक महासमुंद थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि साक्षर होना एवं शिक्षा सब के लिए आवश्यक है। असाक्षरों के साथ साथ जन सामान्य पढ़े लिखे लोगों को भी अपडेट रहने के लिए पढ़ना आवश्यक है डिजिटल साक्षरता कि यदि हम बात करते हैं तो बहुत से लोग ऐसे हैं जिन्हें मोबाइल में विभिन्न उपयोगी एप के बारे में जानकारी नहीं होता। हमें समय के हिसाब से अपडेट रहना होगा तभी हम पूर्ण रुप से साक्षर कहलाएंगे। वर्तमान में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के संबंध में चर्चा देते हुए, रेखराज शर्मा ने बताया कि नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में डिजिटल साक्षरता, बुनियादी साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, मतदाता साक्षरता, विधिक साक्षरता जैसी जीवन उपयोगी विषयों पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार किया जा रहा है।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### वाहन चेकिंग के दौरान कार में मिले 11 लाख रुपए, वैध दस्तावेज के अभाव में रकम जब्त

**जांजगीर-चांपा (ए)।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिला पुलिस द्वारा ग्राम करूमहू लीलागर नदी पुलिया के पास नेशनल हाईवे में नाकाबंदी कर आने जाने वाले वाहनों को सघन चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान मोहम्मद यूसुफउम्र 37 वर्ष निवासी अकलतरा थाना अकलतरा के कब्जे से कार में बैग में रखे कुल 11 लाख 1 हजार 800 रुपए नगदी मिला। पुलिस द्वारा संदेह के आधार पर नगदी रकम को भादवि की धारा 102 के तहत जप्त कर, जानकारी इनकम टैक्स विभाग को भेजी जा रही है तथा नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जा जाएगी।

जिला पुलिस द्वारा आगामी विधान चुनाव व्यवस्था को दृष्टि गत रखते हुए लगातार अवैध शराब की कारवाई, संदिग्ध ब्यक्तियो की चेकिंग की जा रही थी इसी क्रम में ग्राम करूमहू लीलागर नदी पुलिया के पास नेशनल हाईवे में नाकाबंदी कर आने जाने वाले वाहनों की जांच की जा रही थी। वाहन चेकिंग के दौरान बिलासपुर की ओर से अकलतरा की ओर आने वाली कार ग्रैंड विटारा नंबर सीजी 11/ 4933 को रुकवा कर चेक किया गया जिसमें चालक के अलावा दो अन्य व्यक्ति बैठे पाए गए तथा चालक के पास रखे गए काला रंग की बैग को चेक करने पर उसमें काफी मात्रा में 500 रुपए 100, 200 ,50 एवं 10 के कुल 11लाख रुपए नगदी मिला। जिसके संबंध में मोहम्मद यूसुफसौदागर से राशि जब्त की गई। निवासी अकलतरा थाना अकलतरा जिला जांजगीर चांपा से पूछताछ कर उक्त नगदी रकम रखने के संबंध में धारा 91 द,प्र,सं का नोटिस दिया गया जो उक्त नोटिस पर ही स्वयं लिखित दिया कि मेरे पास रखे गए रुपए के संबंध में कोई वैध दस्तावेज बिल एवं हिसाब नहीं है।

### राजधानी में लाखों का जुआ फड़ 4 कार व नकदी, सहित 20 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में जुआ, सट्टा और क्रिकेट सट्टा पर लगाने लगाने के लिए एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने रायपुर पुलिस के सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एंटी क्राइम एवं सायबर यूनिट को कार्य योजना तैयार कर इस पर ज्यादा से ज्यादा कार्रवाई करने के निर्देश दिये गए है। जिस पर सभी थाना प्रभारियों सहित एंटी क्राइम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा थाना क्षेत्रों में मुखबीर लगाने के साथ ही लगातार पेट्रोलिंग कर जानकारी इकट्ठा की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को सूचना मिली कि टिकरापारा थाना क्षेत्रांतर्गत देवपुरी स्थित सांई वाटिका की गली में कुछ लोग रुपयों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम जय प्रकाश बढ़ई और नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश चौधरी द्वारा थाना प्रभारी टिकरापारा को जुआरियों को जुआ खेलते रंगे हाथ गिरफ्तार करने के लिए निर्देशित किया गया। इस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन और थाना प्रभारी टिकरापारा के नेतृत्व में थाना टिकरापारा पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताये उक्त स्थान पर जाकर देखने पर पाया गया कि कुछ व्यक्ति ताशपत्ती में रकम का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा रेड और घेराबंदी कर ताशपत्ती से जुआ खेलते कुल 20 जुआरियों को गिरफ्तार कर जुआरियों के कब्जे से नगदी 3,70,000 रुपये, 12 मोबाईल फोन, 3 बाइक, 4 कार और ताशपत्ती जब्त कर आरोपियों के खिलाफ थाना टिकरापारा में अपराध दर्ज किया गया है।

# बेटे-बहू ने कर दी बुज़ुर्ग महिला की हत्या, एक दिन पहले मिला था शव, आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिले के मोहन नगर थाना क्षेत्र में बुजुर्ग महिला की हत्या करने वाले आरोपी बेटे व बहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को बुजुर्ग महिला की खून से लथपथ लाश मिली थी। इसके बाद पुलिस ने इस मामले की जांच की। शुरुआती जांच के बाद इनका पहला शक बुजुर्ग महिला के बेटे व बहू पर ही था। इसके बाद दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मंगलवार को मोहन नगर पुलिस ने इस मामले का खुलासा किया।



मोहन नगर पुलिस ने बताया कि सोमवार को शक्ति नगर में एक 80 साल की बुजुर्ग महिला की लाश मिली। महिला की खून से लथपथ मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। महिला की पहचान रूखमणी चंद्राकर के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में पता चला कि रविवार देर रात महिला का बेटे-बहू के साथ काफी झगड़ा हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और इधर पूछताछ में बेटा-बहू सही जानकारी नहीं दे रहे थे। इसके बाद पुलिस ने लखन चन्द्राकर एवं उसकी पत्नि द्रौपती चन्द्राकर को हिरासत में लिया गया।

सीएसपी मणीशंकर चन्द्रा ने बताया कि पूछताछ में मृतका के बेटे लखन चन्द्राकर एवं उसकी पत्नि द्रौपती चन्द्राकर अपना अपराध स्वीकार किया है। दरअसल दोनों पुस्तैनी मकान अपने नाम पर करना चाहते थे। इसके लिए बेटे व बहू अक्सर महिला से विवाद करते रहते थे। रविवार रात को भी दोनों के बीच काफी विवाद हुआ था। विवाद के बाद दोनों ने मिलकर बेरहमी से बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी। दोनों के खिलाफधारा 302, 120 बी, 201, 34 के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा गया।

इस पूरी कार्रवाई में मोहन नगर थाना प्रभारी विजय यादव, एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा, उप निरीक्षक शिशुपाल चन्द्रवंशी, प्रधान आरक्षक अजय विश्वकर्मा, महिला प्रधान आरक्षक मोनिका, प्रधान आरक्षक शाहिद खान, आरक्षक अभिषेक यादव, सचिन सिंह, विश्वजीत टंडन, सकील खान, तारकेश्वर साहू, महिला आरक्षक शशिकला देशमुख, एसीसीयू के एएसआई राजेश पांडे, प्रधान आरक्षक शिव तिवारी, आरक्षक जगजीत सिंह, तिलेश्वर राठौर, सनत भारती, नरेन्द्र सहारे, चित्रसेन साहू एवं शोभित सिन्हा का उल्लेखनीय योगदान रहा।

### टाटा एस ने स्कूटी को मारी टक्कर, युवती की मौत

**दुर्ग।** दुर्ग जिले के रानीतराई क्षेत्र में एक तेज रफ्तार टाटा एस ने स्कूटी सवार युवती को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि युवती दूर जा गिरी। उसके चेहरे और सिर में गहरी चोट आने से उसने दम तोड़ दिया। खर्रा से पाटन जाने वाले मार्ग में परतेली गुंडरा हायर सेकेंडरी स्कूल के पास एक टाटा एस वाहन ने स्कूटी को टक्कर मारी। लोगों ने डायल 112 की मदद से घायल को पाटन अस्पताल ले लाया। जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवती की पहचान बरबसपुर गांव निवासी रंजना ठाकुर (22 साल) के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद रानीतराई पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक तेली गुंडरा हायर सेकेंडरी स्कूल के पास एक अंधा मोड़ है। यहां विपरीत दिशा से आने वाले वाहनों को यह नहीं पता चल पाता कि सामने से कौन सा वाहन कितनी स्पीड से आ रहा है।

# रायपुर में स्टंटबाज बाइकर्स गिरफ्तार पुलिस ने 6 युवकों से जब्त की 6 गाड़ियां

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के नवा रायपुर क्षेत्र में पुलिस ने हाइवे पर स्टंटबाजी करने वाले बाइकर्स को पकड़ा है। पुलिस ने न सिर्फ इन स्टंटजबाजों को पकड़ा बल्कि इनके खिलाफ धारा 279 के तहत के कार्रवाई भी की। यह कार्रवाई राजधानी की मंदिर हसौद व राखी पुलिस ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान 6 युवकों को स्टंटबाजी करते पकड़ा और 6 बाइक भी जब्त किया।

मिली जानकारी के अनुसार मंदिर हसौद और राखी थाना क्षेत्रांतर्गत अटल नगर नवा रायपुर में कुछ लोग रोड में बाइक से स्टंट कर रहे थे। सूचना मिलने के बाद मंदिर हसौद और राखी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने स्टंट कर रहे जगह पर जाकर राइडर्स की पतासाजी की। इस दौरान स्टंटबाजों की



पहचान हुई। मंदिर हसौद पुलिस ने योगेन्द्र मधुकर (19) निवासी संतोषी नगर, सुजल सिंह (19), निवासी चारगोल तथा रोशन दत्ता (22) निवासी माना कैंप को गिरफ्तार किया। वहीं राखी पुलिस ने कृष्णा साहू (21) निवासी कुशालपुर, अख्तर अली (22) निवासी मोतीनगर तथा दीपक कुमार गोटे (20) नवा रायपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके पास से 6 बाइक जब्त किया।

## धोखाधड़ी का एक आरोपी गिरफ्तार, 3 फरार

**डोंगरगढ़ (ए)।** रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर एक युवक से साढ़े 18 लाख रुपए की ठगी किए जाने के मामले में डोंगरगढ़ पुलिस ने एक आरोपी भिलाई निवासी सुनील पटेल पिता मकसूदन पटेल (39 वर्ष) निवासी ग्राम उमरपोटी उतई जिला दुर्ग को गिरफ्तार किया है। आरोपी के घर से पुलिस ने 13 लाख रुपए नकदी बरामद भी कर लिया है। जबकि अन्य तीन आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

पीड़ित युवक भाजपा नेता व जनपद सदस्य कचरू हिरवानी का बेटा है। इधर न तो युवक को रेलवे में नौकरी मिली और न ही उसके पैसे वापस लौटाए गए। जिसके बाद पीड़ित युवक की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। तीन आरोपियों की तलाश जारी है।

ग्राम अछोली निवासी योगेश हिरवानी पिता कचरू राम हिरवानी जब 2022 में वह खैरागढ़ पॉलिटेक्निक कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। इस दौरान उसकी जान-पहचान ग्राम पदुमतरा निवासी राजेश महिलांग से हुई। उसने रेलवे में टिकिट एक्जामिनर की नौकरी लगाने का झांसा देते हुए 13 लाख रुपए की मांग की। उसने अपने बड़े अधिकारी के रूप में दुर्ग निवासी सुनील पटेल से मिलाया। उसने भी उसे रेलवे में नौकरी लगाने का झांसा दिया।

# तस्वीर पर बवालः नगर निगम की कचरा गाड़ी में लगी मां दंतेश्वरी की फोटो, हिन्दू संगठनों व आमजनों में रोष

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में एक बार फिर से आमजनों में विरोध शुरू हो गया है। जिसका कारण है कि निगम के द्वारा घरों से उठने वाले कचरा गाड़ियों में मां दंतेश्वरी का छायाचित्र लगाया गया है। इस बात की जानकारी लगते ही हिंदू धर्म से लेकर आमजनों में रोष देखने को मिल रहा है। वहीं शहर के लोगों के द्वारा सोशल मीडिया पर फोटो को शेयर कर इस पर कड़ी आपत्ति भी जता रहे हैं।




### आयुक्त को सौंपा जाएगा ज्ञापन

हरि साहू जिला मंत्री, विश्व हिंदू परिषद ने कहा कि बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी का नगर निगम ने अपमान किया है। जगदलपुर नगर निगम के द्वारा कचरा वाहनों में मां दंतेश्वरी का चित्र लगाया गया है, जो की निंदनीय है। बस्तर की आराध्य देवी और हिंदु समाज का अपमान है। इसके विरोध में विश्व हिंदू परिषद्, बजरंग दल नगर के आयुक्त को ज्ञापन सौंपेंगे।

बताया जा रहा है कि निगम के द्वारा शहर में डोर टू डोर कचरा लेने के लिए कचरा गाड़ी का इस्तेमाल किया जा रहा था। इसी तारतम्य में अभी कुछ नई गाड़ियों को लाए जाने की बात कही जा रही है। इस गाड़ी में बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के छाया चित्र को अंकित किया गया है। इस फोटो के वायरल होते ही लोगों में विरोध शुरू होने लगे है। जिसके कारण इस बात को लेकर महापौर से लेकर अन्य के खिलाफ आमजन के द्वारा विरोध किया जा रहा है। साथ ही इस कचरा गाड़ी में लगे मां दंतेश्वरी की फोटो को हटाने के लिए एकजुटता दिखाई दे रही है।

भाजपा के अमर झा ने कहा कि नगर निगम द्वारा वार्डो से कचरा संग्रहित किए जाने वाले लाये गए नए कचरा की गाडियों में लगाया गया। उन्होंने कहा कि बस्तर के आराध्य दंतेश्वरी माता की तस्वीर कचरा गाड़ी में लगाना बहुत ही शर्मनाक कृत्य है। कांग्रेस शासित नगर निगम के इस कृत्य से हमारी धार्मिक भावना आहत हुई हैं। नगर निगम जगदलपुर की कांग्रेस सरकार ने परम आराध्य देवी मां दंतेश्वरी देवी की कचरा गाड़ी पर फोटो लगा कर माता जी का अपमान किया है यह शर्मनाक कृत्य है तत्काल फोटो को गाड़ियों से हटाया जाए।

# छत्तीसगढ़ में शिक्षिका के साथ गैंगरेपः वॉटर फॉल घुमाने ले गए थे 2 युवक, फिर झाड़ियों में ले जाकर किया दुष्कर्म, आरोपी फरार

**जशपुर।** जशपुर जिले के दनगरी वाटर फॉल घुमाने के नाम पर ले गए दो युवकों ने प्राइवेट स्कूल की टीचर के साथ गैंगरेप किया। युवकों की शिक्षिका से पहले से जान-पहचान थी। फिलहाल पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है। मामला बगीचा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, घटना 4 सितंबर की है। पुलिस ने बताया कि जशपुर जिले के एक निजी स्कूल में पदस्थ शिक्षिका को साथ लेकर दोनों आरोपी सद्दाम खान उर्फ सोनू और इम्तियाज दनगरी वॉटर फॉल घूमने गए थे। तीनों के बीच अच्छी जान-पहचान थी और फोन पर भी बातचीत होती थी, इसलिए शिक्षिका उनके साथ दोस्ती के नाते चली गई। पीड़िता मनोहरपुर की रहने वाली है।

पीड़ित शिक्षिका के मुताबिक वॉटरफॉल घूमने के बाद दोनों युवक शिक्षिका के साथ आसपास के सुनसान क्षेत्र में घूम रहे थे। इस इलाके में पुटुस की झाड़ियां हैं, जहां साथ में अकेली शिक्षिका को देखकर उनकी नीयत बिगड़ गई। दोनों युवकों ने शिक्षिका के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। इसका



### कुसमी तक पहुंची पुलिस फरार हैं आरोपी

बगीचा थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम आरोपियों की तलाश के लिए कुसमी तक पहुंची, लेकिन वे नहीं मिले। आरोपियों की तलाश के लिए टीमें रवाना की गई हैं, जल्द ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

विरोध करने पर युवकों ने उसके साथ मारपीट करते हुए गैंगरेप किया।

घटना की जानकारी किसी को भी देने पर आरोपियों ने शिक्षिका को जान से माने की धमकी दी और फरार हो गए। घटना से सहमी युवती किसी तरह पंडरापाट पुलिस चौकी पहुंची और मामले की जानकारी दी। पंडरापाट चौकी में मामला दर्ज कर बगीचा थाने भेज दिया गया। बगीचा पुलिस ने आरोपियों सद्दाम खान और इम्तियाज के खिलाफधारा 294, 506, 323 और 376 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ताः 93003-77572

## खास - खबर

### आवास के लिए 6 को लॉटरी

**भिलाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रिसाली निगम क्षेत्र के मैत्रीकुंज में बने मकान का आबंटन लॉटरी निकालकर किया जाएगा। लॉटरी बुधवार को सुबह 10 बजे निगम के सभागार में निकाली जाएगी। लॉटरी में ऐसे हितग्राहियों का नाम शामिल किया जाएगा, जो मकान का कुल लागत में से 10 प्रतिशत राशि अग्रिम जमा की है। सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास के एएचपी घटक मोर मकान मोर आस के तहत लक्ष्मीनगर में कुल 145 आवास बनाए गए है। इसी आवास के लिए ऐसे हितग्राही से आवेदन मंगाए गए थे जिनके पास आवास नहीं या फिर वे जो लंबे समय से किराए पर रहे थे। आवास आबंटन के लिए मकान लागत कुल राशि का 10 प्रतिशत जमा करना अनिवार्य है। राशि जमा करने वाले हितग्राहियों की सूची तैयार कर लॉटरी निकाली जाएगी। सहायक अभियंता ने बताया कि ऐसे हितग्राही जिन्होंने आवास के लिए आवेदन जमा किया है और 10 प्रतिशत राशि जमा नहीं की है उन्हें 5 सितम्बर तक मौका दिया गया था।

### जिले में अब तक 636.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**दुर्ग।** जिले में 1 जून से 5 सितंबर तक 636.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सार्वाधिक वर्षा 791.1 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 379.5 मिमी. बोरी तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 594.2 मिमी, तहसील धमधा में 623.2 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 677.0 मिमी और तहसील अहिवारा में 756.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

### इन दिनों निगम क्षेत्र में बंद रहेगा मांस बिक्री

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी परिपत्र के हवाले से निगम भिलाई ने आदेश जारी कर सितम्बर माह में पड़ने वाले त्यौहार के दौरान निगम क्षेत्र में पशुवध गृह जीव हत्या एवं समस्त मांस बिक्री केन्द्रो को बंद रखने कहा है। पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग छ.ग. शासन द्वारा जारी परिपत्र क्रं. 434 एवं 4124 वर्ष 2006 तथा 7339 वर्ष 2007 के अनुपालन में नगर पालिक निगम भिलाई के स्वास्थ्य अधिकारी ने आदेश प्रसारित कर इस माह के त्यौहार कृष्ण जन्माष्टमी 7 सितम्बर, पर्युषण पर्व का प्रथम दिवस 12 सितम्बर, गणेश चतुर्थी 19 सितम्बर, पर्युषण पर्व का अंतिम दिवस 20 सितम्बर, डोल ग्यारस 25 सितम्बर, अनंत चतुर्दशी 28 सितम्बर, पर्युषण पर्व एवं संवत्सरी व उत्तम क्षमा 30 सितम्बर एवं गांधी जयंती 02 अक्टूबर को पशुवध तथा मांस बिक्री केन्द्रो में प्रतिबंद लगाया है। इन सभी त्योहार के दौरान तिथि मे सम्पूर्ण भिलाई निगम क्षेत्र मे माँस मटन बिक्री पूर्वतः प्रतिबंधित रहेगा ।

### विकास कार्य के लिए 11 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग।** जिला पंचायत विकास निधि के अंतर्गत सामान्य सभा की बैठक में पारित संकल्प अनुसार जिला पंचायत के सीईओ श्री अश्वनी देवांगन द्वारा विकास कार्य हेतु 11 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यालय जिला पंचायत दुर्ग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा ग्राम खुर्सीडीह में बेलडबरी गली के सीमेंटीकरण कार्य हेतु 4 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# जिले का पहला डिजिटल लाइब्रेरी खुर्सीपार में बन कर तैयार विधायक देवेन्द्र ने किया निरीक्षण, जल्द होगा उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। दुर्ग जिले का पहला डिजिटल लाइब्रेरी खुर्सीपार श्रीराम चौक के पास में बन कर तैयार हो गया है। जिसका आज भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक श्री यादव खुद लाइब्रेरी के प्रत्येक कमरे, रीडिंग जोन, बुक्स आदि का निरीक्षण किया। लाइब्रेरी की खूबसूरती और सुविधा देख कर वे काफी खुश हुए। लाइब्रेरी में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे है। जिसे जल्द पूरा करने के लिए।



गौरतलब है कि करीब 48 लाख की लागत से बने इस डिजिटल लाइब्रेरी से युवाओं और पुस्तक प्रेमियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। जो विद्यार्थी आईएएस से लेकर रेलवे, बैंक, एसएससी आदि परीक्षा की तैयारी कर रहे है। ऐसे युवाओं को अपने लक्ष्य की तैयारी करने में यह लाइब्रेरी पूरी तरह से लाभदायक साबित होगा।

भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव की पहल से इस डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है। भवन बन कर तैयार हो गया। अब अन्य जरूरी सुविधाओं को भी डेवलप कर लिया गया है। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव अपने विजन से शहर के विकास के साथ ही शिक्षा और खेल जगत में भी विकास की नई नई आयाम गढ़ रहे हैं। शहर के नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं मिल सकें। इसके लिए सभी जरूरी सुविधाए उपलब्ध कराई गई है। सड़क, नाली, पानी जैसे मूलभूत सुविधाओं के साथ ही युवाओं और बच्चों के बेहतर भविष्य को ध्यान में रख कर विधायक देवेंद्र यादव ने शहर में एक भव्य और सर्व सुविधा युक्त डिजिटल लाइब्रेरी बनाने की योजना बनाई, जो अब मूर्त रूप ले चुका है। इस लाइब्रेरी में लाखों ई बुक्स रहेगी। सीजीपीएससी, यूपीएससी जैसे बड़े एग्जाम से लेकर बैंक, रेलवे, पटवारी, पुलिस आदि विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी में जरूरी किताबें भी युवाओं को यहां बड़ी आसानी से मिल जाएगी। इसके अलावा कोर्स से संबंधित किताबें भी होंगे। ताकि युवाओं, छात्र-छात्राओं को जरूरी सभी प्रकार की किताबें यहां उपलब्ध रहेंगी। इसके अलावा यहां अन्य सभी प्रकार की किताबें भी यहां होगी। डिजिटल लाइब्रेरी के साथ ही यहां सामान्य लाइब्रेरी भी होगी। लाइब्रेरी भवन दो मंजिला होगा। भवन भी सर्व सुविधा युक्त होगा। भवन पूरी तरह से एयर कंडिशनर रहेगा। बाहर के गाड़ी मोटर की आवाज अंदर ना जाए और बच्चे अंदर लाइब्रेरी के शांत माहौल में बैठ कर आराम से पढ़ाई कर सकें। इसकी भी पूरी सुविधाएं होगी। जल्द ही भवन का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद यहां अन्य सुविधाएं को लेकर काम शुरू किया जाएगा।

### शिक्षा में ना आए बांधा इसलिए बना रहे लाइब्रेरी...

लाइफमें पढ़ाई बहुत जरूरी है। किताबें सबसे अच्छे मित्र होते है और हम सब को लाइफमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है। हमारी जिम्मेदारी है कि हमारे शहर के बच्चे पढ़ लिख कर तरक्की करें। देश और दुनिया में हमारे शहर और प्रदेश का नाम रौशन करें। उनकी शिक्षा में कोई कमी ना हो, पढ़ाई अच्छे से कर सकें। सभी तरह की पुस्तकें बड़ी आसानी से पढ़ने के लिए मिल सकें। इसी उद्देश्य से डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण करवा रहे है।

**देवेंद्र यादव**, विधायक भिलाई

### वाईफाई की भी सुविधा होगी

डिजिटल लाइब्रेरी में सभी प्रकार की सुविधाएं है। जैसे वर्तमान समय में सबसे जरूरी वाईफाई की भी सुविधाएं होगी। ताकि बच्चे आसारी से ई बुक्स पढ सकें। इसके अलावा यहां प्रिंटर आदि की भी सुविधाएं होगी। ताकि विद्यार्थी चाहे तो जरूरी कोर्स की पुस्तक आदि प्रिंट कर सकें। इस लाइब्रेरी से 10 लाख से अधिक ई बुक्स होंगे।

## 4.41 करोड़ की संपत्ति की नीलामी 20.49 करोड़ में, भिलाई-3 तहसील में 14 को होगी नीलामी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** वर्ष 2016 से यश ड्रीम रियल स्टेट कंपनी के विरूद्ध संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई के संबंध में लंबित प्रकरण पर कुर्की उपरांत नीलामी की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। निवेशकों के हितों का संरक्षण के अधिनियम-2005 के तहत् निवेशकों से धन राशि जमा कराकर उनके धन की राशि वापस नहीं किये जाने के कारण यश ड्रीम रियल स्टेट कंपनी और संचालकों की संपत्तियों को कुर्क करने के लिए अंतरिम कुर्की आदेश को विशेष न्यायालय दुर्ग द्वारा अत्यांतिक (अंतिम) पुष्टि की गई थी। कलेक्टर दुर्ग पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा कुर्की की गई संपत्ति का विक्रय तथा निवेशकों को नियमानुसार राशि वापसी की कार्यवाही पूर्ण करने हेतु तहसीलदार दुर्ग, भिलाई-3 एवं पाटन को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया था। प्रथम चरण में तहसील पाटन में स्थित संपत्ति की नीलामी दिनांक 31/8/23 को गई,जिसके अंतर्गत एक करोड़ 17 लाख में संपत्ति की नीलामी की गई। द्वितीय चरण में तहसील दुर्ग अन्तर्गत स्थित संपत्ति की नीलामी दिनांक 4 सितम्बर 2023 को तहसीलदार दुर्ग द्वारा की गई। तहसील दुर्ग के कोहका, नागपुरा, अंजोरा एवं अंडा स्थित 6 स्थानों के लगभग 4 करोड़ 41 लाख 37 हजार 884 रूपये की राशि के संपत्ति की नीलामी में कुल राशि 20 करोड़ 49 लाख 82 हजार रुपए की प्राप्ति हुई हैं। तृतीय चरण में भिलाई-3 तहसील में स्थित संपत्ति की 14 सितंबर 2023 को नीलामी की कार्रवाई की जाएगी। समस्त नीलामी उपरांत प्राप्त राशि से निवेशकों की राशि वापसी की कार्यवाही की जाएगी।

## स्ट्रीट वेंडर्स को महापौर ने दिया विक्रय प्रणाम- पत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नेहरू नगर चौक स्थित स्ट्रीट वेंडर्स को विक्रय प्रमाण पत्र महापौर नीरज पाल द्वारा हितग्राहियों को वितरण किया गया प्रमाण पत्र से उन्हें व्यापार में कई तरह के लाभ होंगे। राष्ट्रीय आजीविका मिशन अन्तर्गत भिलाई निगम क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवस्थित कर सम्मानपूर्वक व्यवसाय करने स्थान दिया जा रहा है। वेंडिंग जोन में आवंटित गुमटी का विक्रय प्रमाण मिलने से व्यवसायियों ने महापौर एवं निगम प्रशासन का आभार जताया।

राष्ट्रीय शही आजीविका मिशन के मिशन मैनेजर नलीनी तनेजा ने बताया कि भिलाई निगम क्षेत्र में जितने भी स्ट्रीट वेंडर है उन्हें चिन्हांकित कर पहचान पत्र जारी किया गया है, इसके अंतर्गत इन्हें व्यवयास को बढ़ावा देने लोन भी प्रदान किया जाता है।



निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवस्थित करने का कार्य लगातार जारी है। भिलाई निगम के सभी जोन क्षेत्रों में स्ट्रीट वेंडर्स के लिए वेंडिंग जोन बनाने स्थल चयनित कर गुमटियां स्थापित की गई है ताकि व्यवसाय व्यवस्थित हो और शहर सुंदर दिखे। वर्तमान में नेहरू नगर चौक एवं पॉवर हाउस ब्रिज के नीचे वेंडिंग जोन की शुरूआत की जा चुकी है, विजय काम्प्लेक्स एवं वैशालीनगर गौरवपथ किनारे बनाया गया वेंडिंग जोन में गुमटियों का आवंटन कर इसे भी जल्द ही प्रारंभ किया जाना है। वेंडिंग जोन के हितग्राहियों को प्रदान किये गये अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने वेंडरो को जानकारी देते हुए बताया कि विक्रय प्रमाण पत्र उनके व्यवसाय हेतु है किसी भी प्रकार से भूमि या गुमटी का स्वामित्व नहीं है। इस दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी,मिशन मैनेजर एकता शर्मा और अमन पाटले, परियोजना सहायक एस. एस रिजवी सहित आजीविका मिशन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महापौर एवं आयुक्त के निर्देश पर राजस्व वसूली बेहतर बनाने के लिए ली गई समीक्षा बैठक, आय बढ़ाने दिया जोर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा राजस्व वसूली सहित अन्य सौपे गये कार्यो में गुणवत्तायुक्त प्रदर्शन दिखाए ।राजस्व वसूली को बेहतर बनाने के लिए महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता द्वारा राजस्व विभाग कक्ष क्रमांक 2 में समस्त राजस्व उपनिरीक्षक,सहायक राजस्व निरीक्षक के अलावा नगर निगम में टैक्स कलेक्शन करने वाली संस्था स्पैरो सॉफ्टेक कम्पनी के मैनेजर और उनके टैक्स कलेक्टरों की राजस्व वसूली की समीक्षा की गई ।बैठक के दौरान समस्त आर एस आई,एआरआई एवं टैक्स कलेक्टरों को डिमांड बिल हर बकायादार को जारी करने की बात कही एवं प्रत्येक एआईआई एवं टैक्स कलेक्टर हर घरों में जाये और उन्हें डिमांड बिल के साथ साथ टैक्स की राशि जमा करने हेतु कहें ।प्रतिदिन वसूली का टैक्स कलेक्टरों को टारगेट दिया गया है वह हर दिन 60 से 70 घरों जाये और उनसे टैक्स पटाने हेतु कहे ।और उसकी जानकारी प्रतिदिन अपने रजिस्टरों में नोट करें, उसके पश्चात स्पैरो मैनेजर व टैक्स कलेक्टरो की प्रतिदिन शाम 5 बजे उनके द्वारा किये गए कार्यो की और उनके द्वारा किया संग्रहित टैक्स की राशि की समीक्षा कर टैक्स की राशि जिसकी टैक्स कलेक्टर के द्वारा कम राशि होगी उन पर कार्रवाही प्रस्तावित की जाएगी ।उन्होंने कहा सभी राजस्व कार्यो में गुणवत्तायुक्त बेहतर प्रदर्शन करें,जानकारी के मुताबिक दुर्ग नगर निगम द्वारा इस वर्ष पिछले वर्ष की डिमांड में बढ़ोतरी कर 22.00 करोड़ रुपए डिमांड है। चालू माह में तीन करोड़ वसूली किये जाने का लक्ष्य आज की बैठक में एआरआई और स्पैरो कंपनी के मैनेजरों और उनके कलेक्टरों को दिया गया है और प्रतिदिन उनके द्वारा किये गए वसूली की समीक्षा भी किया जाएगा ताकि टैक्स वसूली में अधिक से अधिक किया जा सके,बैठक के दौरान राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने निर्देश देते हुए कहा कि आईएसआई व एआरआई की टीम गठित की जाएगी ।तथा समस्त बड़े बकायादारों से वसूली कर टैक्स वसूली में बढ़ोतरी की जायेगी,वसूली में प्रगति लाने व आय बढ़ाने पर दिया जोर।



## जल प्रदाय टंकी गिरी, प्रबंधन ने तत्काल कार्यवाही का निर्णय लिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई के सेक्टर-4 स्थित जल आपूर्ति करने वाले दो टैंक आज सुबह लगभग 6 बजे अचानक गिर गये। इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। लगभग 50 से 52 वर्ष पुरानी दोनों टैंकों में प्रत्येक की क्षमता 18 लाख लीटर थी। बाहरी निरीक्षण करने पर ये दोनों टंकियां मजबूत नज़र आती थी।

इस दुर्घटना के बाद भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन की तत्काल एक बैठक इस्पात भवन में बुलाई गई। बैठक में इस दुर्घटना की जांच के लिए विभागीय स्तर पर एक कमेटी के गठन का निर्णय लिया गया है। साथ ही बैठक में निर्णय लिया गया कि ध्वस्त हुई टंकियों से प्रभावित होने वाले क्षेत्र में जल आपूर्ति के लिए तत्काल कदम उठाते हुए मुख्य जल आपूर्ति लाइन से जोड़ दिया जाएगा जिससे जल आपूर्ति सामान्य हो सके। प्रबंधन ने इसके लिए प्रयास प्रारम्भ कर दिये है और इसे शीघ्रता से पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही नगर निगम के साथ मिलकर प्रभावित क्षेत्रों में वाटर टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति को सुगम बनाया जायेगा। साथ ही प्रबंधन ने यह भी निर्णय लिया है कि इस्पात नगरी की सभी पानी टंकियों की जांच करायी जाएगी और आवष्यकतानुसार उनकी मरम्मत को प्राथमिकता के अनुसार किया जाएगा।

# शिक्षक दिवस पर दीप प्रज्वलित कर शिक्षकों का शाल श्रीफल देकर किया गया सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने सेक्टर -7 महराणा प्रताप भवन में शिक्षक दिवस के अवसर पर दीप प्रज्वलित किया और मुख्यअतिथि छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक सेल के अध्यक्ष अमीन मेमन ने 27 शिक्षक शिक्षिकाओं को श्रीफल और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया साथ ही साथ कार्यक्रम में आये हुए हर समाज के धर्म गुरूओं का सम्मान किया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमीन मेमन ने शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान करते हुए कहा कि शिक्षक दिवस भाईचारा का बहुत बड़ा प्रतीक है जिसमें हिन्दु मुस्लिम सिख ईसाई किसी भी धर्म का शिक्षक हो उसका बराबर और समान सम्मान पूरे देश में किया जाता है। विशेष अतिथि बदरूदीन कुरैशी पूर्व मंत्री छत्तीसगढ शासन ने देश के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी ने सन् 1962 में 5 सितंबर को जन्मदिन पर जब शिक्षक और आम जनता बधाई देने आये तो आये हुए शिक्षक और नागरिकों को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी ने कहा कि आज का दिन मेरा नहीं बल्कि देश के शिक्षकों का है जो अपने लगन और निष्ठा और ईमानदारी के साथ बच्चों को शिक्षा देते आ रहे है डॉ. राधाकृष्णन जी 40 वर्ष तक स्कूलों में विश्वविद्यालयों में कुलपति जैसे पदों में रहकर शिक्षा दिया देश के राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति पदों में रहकर देश के राजनितिज्ञों को भी एक दिशा दिया जिनके बदौलत हमारा देश आगे बढता जा रहा है कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमति सुभद्रा सिंह ने किया एवं श्री सतपाल सिंह ने अभार प्रकट किया।

कार्यक्रम समयलाल साहू, सतपाल सिंह, अरूण सिंह, बैजनाथ शुक्ला, जावेद नकवी, गुलजेब अहमद, अरहान शेख, मोहसिंह खान, देवेन्द्र सिंह, रवीकुमार सोनकर, गुरदीप सिंह अरशद चिशती, शबीर अहमद, ज्ञानी बाजी, दर्शन सिंह, अमीत सिंह, बी ए नंदेश्वर, अनील सिंह, प्रदीप सिंह, अभिषेक शर्मा, संजय लाखे, संजय दिक्षित, सुखचैन सिंह, अजय मिश्रा, उपस्थित थे ।

# सेक्टर 4 के प्रत्येक घर में पहुंचाया जा रहा टेंकर से पानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेक्टर 04 में अचानक पानी टंकी के ढह जाने से पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई, आज हलषष्ठी का पर्व होने की वजह से व्रती माताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए भिलाई निगम का अमला सेक्टर 04 के हर घर तक पेयजल की आपूर्ति में जुटा रहा। भिलाई निगम व बीएसपी के 41 पानी टेंकर से सेक्टर 04 के सभी सड़को पर फेरा लगा कर पेयजल की पूर्ति करते रहे ताकि हलषष्ठी पर्व में पेयजल के कारण बाधा न पहुंचे।




गौरतलब है कि सेक्टर 04 में बड़ी पानी की टंकी आज सुबह आज अचानक ढह गया, जिसके कारण सेक्टर 04 के घरो में पेयजल का संकट उत्पन्न हो गया था। पेयजल समस्या से निपटने भिलाईनगर विधायक देवेन्द्र यादव की उपस्थिति में महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास जल कार्य के अधीक्षण यंत्री संजय शर्मा, बृजेश श्रीवास्तव, जोन 05 के जोन आयुक्त मौके पर पहुंचे और ढह गये पानी टंकी के बिखरे हुए मलबे को हटाने का काम करवाते हुए आस पास सफाई कराया गया और साथ ही निगम भिलाई के जलविभाग के अधिकारियों को सेक्टर 04 के घरो मे टेंकर के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति कराने 26 टेंकर रवाना किया गया। वहीं बीएसपी प्रबंधन की ओर से 15 टेंकर की व्यवस्था कराई गई है।

### 7 नए बोर खनन शुरू

पानी टंकी ढह जाने के कारण सेक्टर 04 के निवासियों को पेयजल की दिक्कत न हो इसे देखते हुए महापौर नीरज पाल के निर्देश पर 30 पुराने बोर में पॉवर पंप लगाए जा रहे है, 7 स्थानों पर नया बोर खनन कार्य तत्काल प्रभाव से शुरू कर दिया गया है, इसके अलावा क्षेत्र में 2 नग वाटर एटीएम स्थापना का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है।

इसके साथ ही सेक्टर 04 के मकान एवं दुकानों में निगम द्वारा 20 लीटर का 3500 नग जार भी वितरण भी किया जा रहा है, ताकि नागरिक वाटर एटीएम से आरो जल स्वयं भर सके।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950